Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -102 शनिवार ,11 फरवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

विद्या तो इस लोक-परलोक को भलीभांति जानने का नाम है। उसके ज्ञान से ही मनुष्य का कल्याण होता है।
-गुरूदत्त-

## वीडियो बनाने पर नप गई कांग्रेस सांसद



### सभापति धनकड़ ने पूरे सत्र के लिए निकाला

**नई दिल्ली,10 फरवरी 2023(ए)।** कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल को पूरे सत्र के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया है। उनपर सदन की कार्यवाही का वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप हैं।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ ने कांग्रेस सांसद डॉक्टर रजनी अशोक राव पाटिल को पूरे बजट सत्र के लिए सदन से निलंबित कर दिया है। कांग्रेस सांसद पर ऊपरी सदन की कार्यवाही का वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने में संलिप्त होने का आरोप है। सभापति धनकड़ ने इस हरकत को बहुत ही गंभीर मानते हुए यह फैसला लिया है। सभापति ने कहा है कि सदन की कार्यवाही का वीडियो कल ट्विटर पर प्रसारित किया गया था। इससे पहले राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सदस्यों के आचरण को लेकर गंभीर सवाल उठाया था। उन्होंने इसके लिए विपक्ष के नेता से माफी की भी मांग की थी।

### कार्यवाही का वीडियो प्रसारित करने के आरोप में कांग्रेस सांसद सस्पेंड

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ ने कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल के खिलाफ कार्रवाई के बारे में बताया है कि %कल ट्विटर पर इस सदन की कार्यवाही का एक वीडियो प्रसारित किया गया था। मैंने इसे बहुत ही गंभीरता से लिया है और जो भी आवश्यकता था, सब किया है। सिद्धांत के तौर पर और संसद की पवित्रता बनाए रखने के लिए किसी बाहरी एजेंसी की भागीदारी मंजूर नहीं की जा सकती है।

### रजनी पाटिल इस पूरी गतिविधि में संलिप्तःसभापति

राज्यसभा के सभापति के मुताबिक रजनी अशोकराव पाटिल इस पूरी गतिविधि में संलिप्त हैं और जो कुछ भी देखा गया है, उसकी वजह से इसने हमारा ध्यान खींचा। सभापति बोले कि पूरे मामले की जांच विशेषाधिकार समिति करेगी............ और डॉक्टर रजनी अशोकराव पाटिल को मौजूदा सत्र के लिए सस्पेंड किया जाता है। इससे पहले उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला सदन की कार्यवाही से जुड़ा हुआ था। मैं उन वरिष्ठ सदस्यों का नाम नहीं लूंगा, जिनके साथ आज सुबह मैंने चर्चा की है। लेकिन, मैनें उन्हें अपने चैंबर में आमंत्रित किया था और पूछा था कि ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं तो उसका का क्या हल है।



## जस्टिस रमेश सिन्हा छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के होंगे चीफ जस्टिस

### कॉलेजियम ने की 5 मुख्य न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश

**नई दिल्ली,10 फ रवरी 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट सहित अनूय उच्च न्यायालयों के लिए 5 मुख्य न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा और इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर के नामों की सिफारिश की गई है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुप कुमार गोस्वामी अगले महीने सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

इन 5 नामों की सिफारिश की गई

जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर- इलाहाबाद हाईकोर्ट
जस्टिस टी एस शिवगणनम- कलकत्ता हाईकोर्ट
जस्टिस रमेश सिन्हा ङ्क छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट
जस्टिस सोनिया जी गोकानी ङ्क गुजरात हाईकोर्ट
जस्टिस धीरज सिंह ठाकुर ङ्क मणिपुर हाईकोर्ट

## खाना खाने के दौरान प्लेट में निकली मरी हुई छिपकली

### छह कार्यकर्ता बीमार

**गाजीपुर ,10 फ रवरी 2023 (ए)।** खाना खाने के दौरान प्लेट में मरी छिपकली मिलने से हडकंप मच गया। मामला उत्तर प्रदेश के जिले गाजीपुर के कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है जहाँ पर कल बुद्धवार को आशाओं का प्रशिक्षण चल रहा था। वही पर दोपहर को खाना खाने के दौरान अचार में छिपकली मिलने से हड़कंप मच गया। यह जानकर छह आशाओं की तबीयत खराब हो गई। आशाओं की बिगड़ती हालत देखकर मौजूद आशा कार्यकर्ता आक्रोशित होकर शोर मचाने लगीं। किसी तरह से मामले को संभाल कर अस्पताल प्रशासन ने इलाज करके आशाओं को घर भिजवाया।



मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एचबीएनसी, मातृ शिशु पर्यवेक्षण की पांच दिवसीय ट्रेनिंग चल रही है। इस ट्रेनिंग में आशा और एएनएम भाग ले रहीं हैं। आशा कार्यकर्ताओं को सुबह 10 बजे नाश्ता दिया गया। इसके बाद दो घंटे ट्रेनिंग चली। 12 बजे के आसपास उन्हें भोजन में पूड़ी-सब्जी और अचार दिया गया। खाने के दौरान अचार में मरी हुई छिपकली के टुकड़े कई आशाओं की प्लेट में मिले। एक आशा ने अचार में मरी हुई छिपकली के टुकड़े देख शोर मचाया। अन्य आशाओं ने अपनी-अपनी प्लेट चेक की। जिसमें चार-पांच आशाओं की प्लेट में छिपकली के टुकड़े मिले।

इस मामले की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। करीब छह आशाओं की उल्टी होने से तबीयत बिगड़ गई। आशाओं की उल्टी रुकने का नाम नहीं ले रही थी। चिकित्सक तुरंत इलाज में लग गए। किसी तरह से मामला शांत हुआ। ट्रेनिंग में मौजूद सभी आशाओं को छिपकली के जहर से बचाने के लिए एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 एनके सिंह ने बताया कि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही से ऐसा नहीं हुआ है। अचार के पैकेट में ही मरी हुई छिपकली मिली है। वह पैकेट हटा दिया गया है। आगे से सतर्कता बरती जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवराज सिंह चौहान की प्लाइट में अचानक आई खराबी



#### हैदराबाद का दौरा किया रद्द

**भोपाल ,10 फरवरी 2023 (ए)।** एमपी सीएम शिवराज सिंह चौहान सम्राट विक्रमादित्य उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हैदराबाद जा रहे थे। विमान में अचानक आई खराबी की वजह से उन्हें दौरा रद्द करना पड़ा है। सीएम अपनी पत्नी के साथ हैदराबाद जा रहे थे।

शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी के साथ स्टेट हैंगर पहुंच गए थे। इस दौरान विमान में तकनीकी खराबी के बारे में उन्हें सूचना मिला। कुछ देर इंतजार के बाद वह वापस घर लौट आए। विमान में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद सीएम ने कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित किया है।

### चीन समेत छह देशों से भारत आने वाले यात्रियों के लिए नियमों में छूट



#### सरकार ने हटाई पाबंदियां

**नई दिल्ली ,10 फरवरी 2023 (ए)।** भारत सरकार ने कोरोना की वजह से छह देशों के लिए अनिवार्य किए गए नियमों में राहत दे दी है। अब इन देशों से आने वाले यात्रियों को कोरोना की जांच रिपोर्ट और 'एयर सुविधा' फॉर्म को अपलोड करने के नियम से राहत दे दी है। जिन छह देशों से आने वाले या इन देशों से होकर आने वाले यात्रियों को सहूलियत दी गई है, उनमें चीन, सिंगापुर, हांगकांग, कोरिया, थाईलैंड और जापान शामिल हैं।

## पुलिस के लाठीचार्ज के विरोध में युवाओं का प्रदेशभर में बवाल

### पूरा विपक्ष उतरा सड़कों पर

**देहरादून ,10 फ रवरी 2023 (ए)।** गुरुवार को पुलिस की और से युवाओं पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को प्रदेशव्यापी बंद का मिला जुला असर देखने को मिला। लेकिन युवा आज भी सड़कों पर उतरे रहे।

गुरुवार को युवाओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज को लेकर शुक्रवार को प्रदेशभर में बवाल हुआ। देहरादून से लेकर पहाड़ी जिलों में भी बेरोजगार सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन और धामी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।




### सीबीआई जांच की मांग पर अड़े

देहरादून में इस मामले पर जमकर सियासत भी नजर आई। कांग्रेस और आप ने धामी सरकार और पुलिस के खिलाफ विरोध और पुतला दहन किया। आंदोलन कर रहे युवा अब सख्त कानून आने तक परीक्षा न कराने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही भर्ती धांधली को लेकर सीबीआई जांच की मांग पर अड़े हुए हैं।

### युवा सड़कों पर उतरे रहे

पेपरलीक और भर्ती में धांधली की सीबीआई जांच की मांग को लेकर बेरोजगार युवाओं का आंदोलन अब उग्र रुप ले चुका है। गुरुवार को पुलिस की और से युवाओं पर किए गए लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को प्रदेशव्यापी बंद का मिला जुला असर देखने को मिला। लेकिन युवा आज भी सड़कों पर उतरे रहे।

शुक्रवार शाम तक धारा 144 (निषेधाज्ञा) लागू बेरोजगार युवाओं के संभावित आंदोलन को देखते हुए जिला प्रशासन ने परेड ग्राउंड की 300 मीटर की परिधि में धारा 144 (निषेधाज्ञा) लागू की हुई है। यह आज शुक्रवार शाम तक जारी रहेगी। इस परिधि में पांच या उससे अधिक लोगों के जमाव पर रोक रहेगी। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हालांकि बंद का असर ज्यादा नजर नहीं आया। लेकिन बेरोजगार युवाओं ने शहीद स्मारक और कलेक्ट्रेट के बाहर डेरा डाला हुआ है। जिन्हें कई संगठन लगातार समर्थन देने आ रहे हैं।

आंदोलनकारियों ने जमकर हंगामा काटा देहरादून में युवाओं ने शहीद स्मारक पर इकट्ठा होकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। बेरोजगार संघ के युवा नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आंदोलनकारियों ने जमकर हंगामा काटा। डीएम कार्यालय में संगठनों ने विरोध प्रदर्शन कर बेरोजगारों को रिहा करने की मांग की। इसके बाद सभी शहीद स्मारक पर बैठे रहे। इस आंदोलन में कई राजनीतिक और गैर राजनीतिक संगठनों के लोग युवाओं के साथ आवाज बुलंद करते नजर आए। क्या गारंटी है कि आगे होने वाला पेपर लीक नहीं होगा युवाओं की मांग है कि जब तक सख्त कानून नहीं आ जाता तब तक किसी तरह की कोई परीक्षा न कराई जाए। इसके साथ ही अब तक हुई भर्ती धांधली की सीबीआई जांच की भी मांग की है। युवाओं का कहना है कि इस बात की क्या गारंटी है कि आगे होने वाला पेपर लीक नहीं होगा।

हरीश रावत का स्वास्थ्य खराब, एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गुरुवार को बेरोजगार युवाओं के साथ हुए लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने देहरादून से लेकर सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। धामी सरकार का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। पूर्व सीएम हरीश रावत के नेतृत्व में पुलिस मुख्यालय का घेराव भी करने की कोशिश की गई। इस बीच हरीश रावत का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। हरीश रावत युवाओं के साथ पुलिस के बर्बरता व्यवहार के विरोध में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। आम आदमी पार्टी ने भी धामी सरकार का पुतला दहन किया। लेकिन युवाओं के आंदोलन में सीधे तौर पर हस्तक्षेप न करने और आंदोलन में शामिल न होने का निर्णय लिया। आप ने इस आंदोलन को समर्थन देते हुए युवाओं की लड़ाई का पूरा साथ देने का ऐलान किया है।

## अंतरिक्ष में भारत की फिर लंबी छलांग

### इसरो ने लॉन्च किया सबसे छोटा रॉकेट 'एसएसएलवी-डी2

**श्रीहरिकोटा,10 फ रवरी 2023 (ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज यानी शुक्रवार को सुबह 9.18 बजे अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान के दूसरे संस्करण को लॉन्च कर दिया है। छोटे सैटेलाइटों को अंतरिक्ष में छोड़ने के लिए बनाए गए इस सबसे छोटे रॉकेट की लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से हुई। यह एसएसएलवी का सेकेंड एडिशन है। करीब 15 मिनट के उड़ान के दौरान यह रॉकेट तीन उपग्रहों को अंतरिक्ष में छोड़ेगा जिसमें इसरो का ईओएस-07, अमेरिका स्थित फर्म अंतरिस का जेनस-1 और चेन्नई स्थिति एक स्पेस स्टार्टअप का आजादीसेट-2 सैटेलाइट शामिल हैं। इसरो के मुताबिक, इसके जरिए धरती की निचली कक्षा में 500 किलोग्राम के सैटेलाइट को निचली कक्षा में छोड़ा जा सकता है।




इस रॉकेट की पहली टेस्टिंग उड़ान पिछले साल 9 अगस्त को विफल साबित हुई थी।रॉकेट के प्रेक्षेपित करते समय वेलोसिटी को लेकर दिक्कतें आई थी। इसरो की ओर से की जांच के बाद पता चला है कि दूसरे चरण के अलगाव के दौरान रॉकेट में कंपन आ गई थी जिसकी वजह से प्रयोग सफल नहीं हो पाया।

## बीएसएफ ने पाक ड्रोन से गिराए गए हथियार व ड्रग्स किए बरामद

**नई दिल्ली ,10 फरवरी 2023 (ए)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब में ड्रोन के जरिए हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के प्रयास को एक बार फिर विफल कर दिया। फिरोजपुर से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा से बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तानी ड्रोन के जरिए भेजी गई चीनी पिस्तौल, गोलियां और 3 किलो हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 9 और 10 फरवरी की रात पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में पाकिस्तान के साथ लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात सतर्क बीएसएफ सैनिकों ने पाकिस्तान की ओर से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास करने वाले एक ड्रोन का पता लगाया। इसके बाद जवानों ने ड्रोन-रोधी उपाय किए और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां दागी।एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद में बीएसएफ के जवानों द्वारा की गई तलाशी के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई खेप का एक पैकेट बरामद किया गया। पैकेट में लगभग 3 किलो हेरोइन, 1 चीन निर्मित पिस्तौल, कारतूस और एक मैगजीन बरामद हुई है। हेरोइन की कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है।गौरतलब है की पंजाब की सीमा में ड्रोन के जरिए पाकिस्तान की तरफ से अक्सर ड्रग्स और हथियार भेजे जा रहे हैं। इसके लिए बीएसएफ न सिर्फ एंटी ड्रोन सिस्टम का इस्तेमाल कर रही है, बल्कि तस्करों को पकड़ने के लिए स्थानीय पुलिस की मदद भी ले रही है।

## भारत में बीबीसी पर बैन लगाने वाली याचिका एससी से खारिज

**नई दिल्ली ,10 फरवरी 2023 (ए)।** गुजरात में हुए 2002 के दंगों पर आधारित बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री और भारत में बीबीसी के काम पर रोक लगाने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने ख़ारिज कर दिया है.दो जजों की बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस याचिका में कोई मेरिट नहीं है. कोर्ट ने कहा, 'यह पूरी तरह से गलत है. हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं?



साथ ही जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश की बेंच ने यह भी पूछा कि एक डाक्यूमेंट्री देश को कैसे प्रभावित कर सकती है? इस याचिका में कोई मेरिट नहीं है.

हिन्दू सेना की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि बीबीसी पूरी तरह भारत विरोधी और मोदी के खिलाफ अभियान चला रहा है. अदालत के पास इसे बैन करने का अधिकार है. याचिका में कहा गया था कि बीबीसी ने भारत की एकता और अखंडता तोड़ने की साजिश की, एनआईए को इसकी जांच करनी चाहिए और भारत में इसपर बैन लगाया जाना चाहिए.

## आय से अधिक संपत्ति मामले में हाईकोर्ट ने लगाई रोक

### कांग्रेस अध्यक्ष को मिली बड़ी राहत

**कर्नाटक ,10 फ रवरी 2023 (ए)।** कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष डीके शिवकुमार को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. सीबीआई द्वारा डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच पर कर्नाटक हाई कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है. हाई कोर्ट ने एक आदेश पारित कर सीबीआई को 24 फरवरी तक जांच नहीं करने को कहा है. कोर्ट ने सीबीआई को 24 फरवरी को जांच प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश करने का नोटिस भी जारी किया है. दरअसल, डीके शिवकुमार, उनकी पत्नी और बेटी का मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में याचिका दायर की गई थी. सीबीआई द्वारा डीके शिवकुमार और उनके परिवार के खिलाफ कई नोटिस जारी किए गए हैं. डीके शिवकुमार के वकीलों ने यह भी तर्क दिया कि राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें निशाना बनाया जा रहा है. न्यायमूर्ति के नटराजन ने 2020 से 2023 तक मामले की प्रगति पर सीबीआई से सवाल किया है.



## अयोध्या में पर्यटक हेलिकॉप्टर सेवा का उठा सकेंगे लाभ

**लखनऊ ,10 फ रवरी 2023 (ए)।**नई अयोध्या और निर्माणाधीन राम मंदिर को देखने के इच्छुक पर्यटक जल्द ही इस पवित्र नगरी के ऊपर हेलीकॉप्टर की सवारी का लाभ उठा सकेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने पायलट आधार पर अयोध्या में हेलीकॉप्टर सेवा संचालित करने वाली कंपनियों/एजेंसियों से प्रस्ताव मांगे हैं।

प्रधान सचिव (पर्यटन) मुकेश मेश्राम ने कहा, हमारे पास लखनऊ के साथ-साथ अयोध्या में भी राज्य के स्वामित्व वाला हेलीपैड है। हम विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रहे हैं। हवाई टैक्सी की सुविधा प्रदान करने से लेकर उन लोगों के लिए जो लखनऊ से अयोध्या के लिए एक हेलिकॉप्टर लेना चाहते हैं या जो लोग अयोध्या की एक त्वरित आनंदमय यात्रा करना चाहते हैं।

पर्यटन विभाग के विशेष सचिव शैलेश मिश्रा ने कहा कि जॉयराइड के लिए एजेंसी की व्यवस्था पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर होगी और तीन महीने की शुरुआती अवधि के लिए होगी। सरकार के प्रस्ताव में दिलचस्पी रखने वाली एजेंसियों को 21 फरवरी को लखनऊ में प्री-बिड मीट में शामिल होना है।



दिसंबर 2022 में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अयोध्या पर्यटन 2024 तक दस गुना बढ़ जाएगा, जो कि राम मंदिर निर्माण पूरा होने के लिए निर्धारित तिथि के साथ मेल खाता है।

पूर्वांचल विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा, एक बार राम मंदिर भक्तों के लिए तैयार हो जाए, तो हम अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर भारी भीड़ की उम्मीद करते हैं।

उन्होंने कहा कि अयोध्या आने-जाने के लिए हेलिकॉप्टर की सुविधा से उन पर्यटकों को भी मदद मिलेगी, जो यात्रा का समय बचाना चाहते हैं। केंद्र और यूपी में डबल इंजन सरकारें अयोध्या के विकास पर 30,000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर रही हैं।

राज्य सरकार अपने बेड़े का रखरखाव करती है, जिसमें तीन विमान और तीन हेलिकॉप्टर शामिल हैं।

2024 की शुरुआत में राम मंदिर बनने से पहले, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम हवाई अड्डे के निर्माण का पहला चरण पूरा होने की उम्मीद है।

हवाई अड्डे का पहला चरण घरेलू परिचालन के लिए होगा, दूसरा वैश्विक यात्रियों के लिए होगा।

# निवारण,उपचार तथा पुनर्वास:ड्रग के विरुद्ध3-स्तरीय उपागम

### राष्ट्र की सेवा में समर्पित 25 नशामुक्ति उपचार सेवा केन्द्र (एटीएफ)

भारत में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की प्रमात्रा रिपोर्ट सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) तथा राष्ट्रीय ड्रग निर्भरता उपचार केन्द्र (एनडीडीटीसी) द्वारा वर्ष 2019 में जारी की गई थीजिसमें भारत में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की बढ़ती अभिवृत्ति को दर्शाया गया था। अनेक ड्रग परिपाटी के भाग रहे हैं तथा ये आज भी देश के कुछ हिस्सों में बने हुए हैं। तथापि, ड्रग का दुरुपयोग परम्परागत उपयोग से परे पहुंच गया है तथा यह युवाओं के मध्य नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के एक मुद्दे के रूप में प्रकट हो रहा है। चिकित्सा शोध के अनुसार, यह स्वीकृत किया गया है कि ड्रग की लत अथवा नशीले पदार्थों के दुरुपयोग का विकार एक क्रोनिक व रिलेप्सिंग स्वास्थ्य संबंधी अवस्था है जो जेनेटिक, जैविक, परिवेश तथा जीवन शैली से संबंधित कारकों की वजह से होती है तथा इसका उपचार, परामर्श, जीवन शैली में बदलाव तथा दवाइयों से चिकित्सा उपचार करके किया जा सकता है। इसलिए किसी भी समाज में ड्रग संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए एक सूचना संपन्न व बहु-आयामी कार्यनीति अपनाने की जरूरत होती है जो समय के अनुसार ड्रग आपूर्ति का समाधान करती है और ड्रग की मांग में कटौती होती है। सरकार के नकोर्ड तंत्र ने बड़े पैमाने पर ड्रग के दुरुपयोग संबंधी समस्या का समाधान करने मदद की है। इसके दिशा तथा अभिसरण के परिणामस्वरूप सभी एजेंसियों एवं हितभागियों द्वारा एकीकृत कार्रवाई की गई है जो एकल प्लेटफार्म पर नशीले पदार्थों की दुरुपयोग की समस्या का समाधान कर रहे हैं।

ड्रग के दुरूपयोग तथा अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री ने ट्विट किया कि ''मैं,हमारे समाज से ड्रग के संकट का उन्मूलन करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यरत सभी की प्रशंसा करता हूं। जीवन को बचाने का प्रत्येक ऐसा प्रयास महत्वपूर्ण है। आखिरकार, ड्रग्स अपने साथ अंधकार, विनाश तथा विध्वंस ही लेकर आती है।''

सरकार के नकोर्ड तंत्र ने ड्रग के दुरूपयोग की समस्या का समाधान करने के लिए बड़े स्तर पर सहायता की है। इसके निर्देशन एवं अभिसरण के फलस्वरूप नशीले पदार्थों के दुरूपयोग के विरूद्ध संघर्ष कर रहे सभी एजेंसियों तथा हितभागियों द्वारा एकल प्लेटफार्म पर एकीकृत कार्य करना संभव हुआ है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के नशामुक्त भारत अभियान, एक समुदाय आधारित जन-आंदोलन अभियान, की शुरूआत 15 अगस्त, 2020 को देश के 272 सर्वाधिक असुरक्षित जिलों में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध की गई थी। जन-आंदोलन के दूसरे कदम के रूप में वर्ष 2022 में अन्य 100 सर्वाधिक असुरक्षित जिलों को इस सूची में जोड़ा गया था।

नशामुक्त भारत अभियान के जन्म के समय से परामर्श ड्रग संबंधी कार्यकलापों के माध्यम से बेहतरीन समुदाय संपर्क हेतु सक्रिय रूप से संकल्पना बनाने एवं कार्य करने वाले हितभागियों की सहायता से ड्रग की मांग में कटौती में बड़े परिवर्तन किए गए हैं। आज की तारीख तक 9.3 करोड़ से अधिक लोगों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के बारे में जागृत किया गया है जिनमें 3 करोड़ से अधिक युवा तथा 2 करोड़ से अधिक महिलाएं शामिल हैं। इस मिशन में 2.7 लाख से अधिक शैक्षिक संस्थाओं ने भाग लिया है।

नशामुक्त भारत अभियान महिलाओं, बच्चों, शैक्षिक संस्थाओं तथा सिविल सोसायटी संगठनों की सहायता कर उन्हें इस कार्रवाई में आगे लाता है। इस अभियान में 8000 से अधिक मास्टर स्वयंसेवकों का मजबूत बल है जो नशीले पदार्थों के उपयोग के प्रतिकूल प्रभावों, सबसे दुरस्त क्षेत्रों में नशीले पदार्थों के साथ संघर्षरतलोगों के पुनर्वास तथा निवारण की प्रक्रिया का संदेश देने के लिए प्रशिक्षित तथा जानकार हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में जनसामान्य से जुड़ने तथा सांस्कृतिक रूप से गहरा प्रभाव डालने और नशीले पदार्थों की मांग को अंतः प्रभावित करने के लिए कदम उठाने हेतु कई कार्यक्रम जैसे मैराथन, लोक संगीत, स्थानीय खेल-कूद कार्यक्रम, नाव अथवा साईकिल रैलियां तथा कई अन्य कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं। यह आश्रित लोगों तक पहुंचने तथा उनकी पहचान के लिए उच्च शैक्षिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों, परिसरों तथा स्कूलों के साथ भागीदारी करने को प्रतिबद्ध है;




सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के साथ अस्पतालों तथा पुनर्वास केन्द्रों में परामर्श और उपचार सुविधाओं पर बल देते हुए यह अभियान ड्रग्स के उपयोग के बढ़ते ट्रेंड के लिए आरंभ से अंत तक एक संकल्प है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अम्ब्रेला स्कीम नशीली दवा की मांग में कमी की राष्ट्रीय कार्य योजना निवारक शिक्षा, जागरूकता, पुनर्वास उपचार, समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को वापस लाने तथा गरिमा जीवन जीने के लिए पर्याप्त सहायता प्रदान करने हेतु राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों, एनजीओ/अन्य स्वैच्छिक संगठनों, जिला और सरकारी अस्पतालों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। ड्रग्स के साथ संघर्षरत लोगों को निःशुल्क सुविधाएं प्रदान करते हुए देश में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों हेतु 341 एकीकृत पुनर्वास केन्द्र (आईआरसीए), 49 समुदाय आधारित संगतिपरक इंटरवेंशन (सीपीएलआई), 72 आउटरिच और ड्रॉपइन केन्द्र (ओडीआईसी) तथा 14 जिला नशामुक्ति केन्द्र (डीडीएसी) हैं। लाभवंचितों, उनके परिवारों तथा सामाजिक दायरे को चुनौतयों की जानकारी देने में सहायता करनातथा उनके लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना।

प्रगति के इस दौर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय राष्ट्रीय ड्रग्स निर्भरता (एनडीडीटीसी) एम्स, नई दिल्ली के सहयोग से नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों के लिए 25 उपचार सुविधाएं (एटीएफ) प्रदान करने को तैयार हैं।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अभियान, नशामुक्त भारत अभियान के बैनर के तले राष्ट्र को नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों के लिए 25 उपचार सुविधाएं समर्पित की । ये 25 नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों के लिए उपचार सुविधाएं देशभर में सरकारी अस्पतालों में स्थित है इन्हें देश के अधिकतर शहरों तथा जिलों को कवर करने के लिए बढ़ाया जाएगा। सिमडेगा, झारखंड अथवा आजमगढ़, उत्तर प्रदेश में जिला अस्पतालों से लेकर सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश अथवा शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान, बैनमिना, कश्मीर जैसी बढ़ी अकादमिक संस्थाएं इसमें शामिल हैं।

ये नशीली दवाओं के दुरूपयोग के पीड़ितों हेतु उपचार सुविधाएं (एटीएफ) 25 जिलों के सरकारी अस्पतालों में स्थापित की जाएंगी तथा सामान्य स्वास्थ्य देखभाल ढांचे के रूप में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के रोगियों का उपचार करेगी। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग इस स्कीम को पूरी तरह से वित्तपोषित करता है तथा प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों, निःशुल्क दवाओं एवं टिकाऊ अवसंरचना सहायता सेवाओं के प्रावधान में भाग लेने वाले सरकारी अस्तपालों की सहायता करता है।

जैसा कि गृह मंत्री ने संसद में कहा, ''हमारी सरकारी नीति बहुत स्पष्ट है, जो ड्रग का सेवन कर रहे हैं वे पीड़ित हैं। हमें उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए तथा पीड़ितों को उनके पुनर्वास हेतु अनुकूल माहौल देना चाहिए। नशीले पदार्थों के दुरूपयोग का मुद्दा अत्यधिक महत्वपूर्ण सामाजिक समस्या है जो आयु समूहों, लैंगिक भिन्नता, समुदायों एवं क्षेत्रों में समाज के वर्गों में कटौती करता है तथा परिवारों एवं व्यक्तियों की व्यक्तिगत वृद्धि को प्रभावित करता है। पुनर्वास के अवसर प्रदान करते हुए इससे पीड़ितों से जुड़े कलंक को समाप्त करने तथा युवाओं में 'ड्रग्स को पहली बार न छूना' के विचार को प्रभावी रूप से अंतगृहीत करते हुए नशीले पदार्थों के मामले के समाधान के लिए बहुआयामी कार्यनीति आवश्यक है। अभियान सफलतापूर्वक इन विचारों को आकर्षित करता है तथा 'नशा मुक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे आने हेतु जनता का समर्थन चाहता है।

**डॉ. वीरेंद्र कुमार**

## संपादकीय

# रिश्तों का गुब्बारा फूटा

राष्ट्रपति बाइडेन ने कोशिश की कि किसी तरह दोनों देशों के बीच संवाद बना रहे, ताकि किसी गलत आकलन की वजह से कोई हादसे जैसी हालत ना बन जाए। लेकिन एक गुब्बारे उनकी मंशा पर पानी फेर दिया है।

जब रिश्तों को बनावटी ढंग से गुब्बारे की तरह उड़ाने की कोशिश की जाए, उनके कभी भी पंक्चर हो जाने की स्थिति बनी रहती है। ऐसा ही अमेरिका और चीन के संदर्भ में हुआ है। अमेरिका में चीन विरोधी भावना इतनी गहरी और व्यापक हो चुकी है, वहां किसी राजनेता या सरकार के लिए उससे संवाद करने की पहल करना भी जोखिम भरा हो चुका है। इसके बावजूद राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कोशिश की कि किसी तरह दोनों देशों के बीच संवाद बना रहे, ताकि किसी गलत आकलन की वजह से कोई हादसे जैसी हालत ना बन जाए। जी-20 के पिछले शिखर सम्मेलन के समय दोनों देशों के राष्ट्रपति इंडोनेशिया के बाली में मिले। उसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन के बीजिंग जाने का कार्यक्रम बना। लेकिन एक गुब्बारे की अमेरिकी हवाई क्षेत्र में मौजूदगी को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव इतना बढ़ा, कि ब्लिंकेन ने बीजिंग की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द कर दी। उधर ब्लिंकन का दौरा स्थगित होने को चीन ने सार्वजनिक तौर पर कोई तवज्जो नहीं दी। चीनी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि दरअसल अमेरिका और चीन ने कभी इस यात्रा के बारे में एलान ही नहीं किया था। अमेरिका ऐसी कोई घोषणा करे, तो यह उनका फैसला है।

वैसे यह पहली बार नहीं है, जब चीन का गुब्बारा अमेरिका में दाखिल हुआ हो। ट्रंप प्रशासन के दौरान कम-से-कम तीन बार ऐसे बलून देखे गए थे। बाइडेन के कार्यकाल में भी पहले एक बार ऐसा बलून देखा जा चुका है। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि पहले कोई बलून इतने लंबे समय तक अमेरिकी क्षेत्र में मौजूद नहीं रहा। असल कहानी यह है कि बाइडेन प्रशासन इस बार भी गुब्बारे को ज्यादा तव्वजो देने के मूड में नहीं था। लेकिन रिपब्लिकन पार्टी ने उस पर तीखे हमलों की बौछार कर दी। बाइडेन को चीन के आगे एक कमजोर राष्ट्रपति बताया गया। तो प्रतिक्रिया में बाइडेन प्रशासन ने मिसाइल से गुब्बारे को मार गिराने का आदेश दिया। इस तरह उन्होंने अपनी मजबूती का संदेश दिया। लेकिन इस घटनाक्रमर से साफ हो गया कि दोनों देशों में संवाद से संबंध सुधरने की अभी कोई संभावना नहीं है।

# डोपिंग का डंक : सवालों के घेरे में सिस्टम

नब्बे के दशक में सुपर स्टार बेन जॉनसन का जलवा हुआ करता था। सियोल ओलंपिक में 100 मीटर दौड़ 9.79 सेकेंड में पूरी कर उन्होंने सबको चौंका दिया था।

हालांकि, उनके साथी धावक कार्ल लुईस को उनके इस प्रदर्शन पर शक था। उन्होंने तब सार्वजनिक तौर पर कहा भी था कि जॉनसन की इस तेजी में कुछ गड़बड़ी है। बाद में खेलों के महाकुंभ में डोपिंग का बम फूटा और लुईस की आशंका सच साबित हुई। जॉनसन के नमूने पॉजिटिव पाए गए और उनसे पदक छीन लिया गया। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय जगत को सकते में ला दिया। खेलों में नशीले पदार्थ का सेवन रोकने की जिम्मेदारी उठाने वाली विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी ने सख्ती बरतनी शुरू की। बावजूद इसके अब तक रूस और अमेरिका सहित कई देश के खिलाड़ियों को डोपिंग का दोषी पाया जा चुका है। भारत भी इस कलंक से अछूता नहीं है। 1968 में दिल्ली में आयोजित मैक्सिको ओलंपिक ट्रायल के दौरान कृपाल सिंह से लेकर पहलवान नरसिंह तक इसके जाल में फंस चुके हैं। ताजा मामला जिमनास्ट दीपा कर्माकर का है। अरबों रु पये खर्च करने के बाद भी खिलाड़ियों का डोपिंग में फंसना हमारे समूचे खेल सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है। साथ ही खेल में महाशक्ति बनने के हमारे सपने में भी बाधा बन रहा है।

दरअसल, प्रतियोगिता से इतर लिये गए दीपा के नमूने पॉजिटिव पाए गए हैं। रियो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन से चौथे स्थान पर रही दीपा पर 21 महीने का प्रतिबंध लगा। उन्होंने सजा स्वीकार कर ली, लेकिन कहा कि उन्होंने अनजाने में इसका सेवन किया था। गौरतलब है कि भारतीय खेल जगत में अब तक जितने भी खिलाड़ी डोपिंग में फंसे हैं, उनमें से ज्यादातर ने स्वीकार किया कि कम जानकारी या अनजाने में ही उन्होंने प्रतिबंधित दवाओं का सेवन किया।

सवाल उठता है कि आखिर महासंघ, कोच, डॉक्टर और डाइटिशियन खिलाड़ियों को डोपिंग संबंधी जानकारी मुहैया कराने में असफल क्यों हो रहे हैं कब तक खिलाड़ियों की मेहनत पर अनजाने में की गई एक छोटी सी गलती भारी पड़ती रहेगी अगर खिलाड़ी दोषी है तो उसके कोच और डाइटिशियन को भी इसका दोषी क्यों नहीं माना जाना चाहिए विशेषज्ञों की मानें तो डोपिंग में किसी खिलाड़ी के फंसने के मुख्य कारण महासंघ, कोच और डाइटिशियन की लापरवाही के साथ खिलाड़ियों में जागरूकता की कमी है। यह तथ्य महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय एथलेटिक्स में ज्यादातर खिलाड़ी ग्रामीण पृष्ठभूमि के आते हैं। जाहिर है कि खेल को डोपिंग मुक्त बनाने के लिए केंद्र के साथ राज्य सरकारों को भी मिलकर काम करने की जरूरत है।

हरियाणा, पंजाब, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्य इसमें अग्रणी की भूमिका निभा सकते हैं, जहां से सबसे ज्यादा एथलीट आते हैं। निस्संदेह इन सबके साथ राज्यों को खेल ढांचा मजबूत करने के साथ डोपिंग के मुद्दे पर भी जागरूकता अभियान भी चलाना होगा। यह पहल कई जगह शुरू भी हुई है। आगे इसको और संगठित और प्रभावी तरीके से चलाने की जरूरत है। गौरतलब है कि अब तक की स्थिति में भारतीय खेल को खासा नुकसान उठाना पड़ा है कि शुरुआती दौर में खिलाड़ियों को अपने निजी कोच से उन्हें सिर्फ खेल निखारने की ही जानकारी मिल पाती है। उन्हें नहीं पता होता कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की प्रतिबंधित लिस्ट में किन-किन दवाइयों को शामिल किया गया है। भारत में तो कई मामले ऐसे भी आए जब जूनियार और सीनियर खिलाड़ी खांसी या मामूली बुखार में दवा का सेवन करते हैं और उनके नमूने डोपिंग में पॉजिटिव पाए जाते हैं।

दूसरी तरफ, जिस महासंघ या कोच पर खिलाड़ियों को जागरूक करने की जिम्मेदारी होती है, वे इससे पल्ला झाड़ लेते हैं। बीते कुछ दिनों में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ-साथ जूनियर खिलाड़ियों में भी डोपिंग के मामले देखे जा रहे हैं।

**संदीप भूषण**

## वो कौन थी




काली अंधेरी रात में
हवाओं के सनसनाहट के बीच
एक चीख सुनाई दी आआआआआ।
मानो कोई दर्द से तड़प रहा हो
और मदद की गुहार कर रहा हो
आवाज का दर्द अपनी ओर खींच रहा था।
सुनसान सी पगडंडियों पर चलते-चलते उस आवाज की तरफ बढ़ ही रही थी कि अचानक बिजलीयों की कड़ कड़ा हट संग बादलों की गड़गड़ाहट ने कुछ कहना शुरू किया।
कुछ समझ पाती उससे पहले आंखों के सामने काली अंधेरी रात में झाड़ियों के पास से एक लड़की सफेद लिबास में जाती हुई वो नजर आई।
अचानक आंखों से ओझल हो गई और अंदर से एक आवाज आई वो कौन थी वो कौन थी।
पलट के आसपास देखा पर कुछ नहीं समझ आया अंदर से डर मानो अब हावी हो ही रहा था कि अचानक से पायल की छन छन की आवाज आने लगी और कोई जोर से हंसा हा हा हा हा हा हा हा हा।
अब तक यह समझ में आ गया था कि ये सब कुछ इतना सामान्य नहीं है जितना दिख रहा है। पांव के नीचे से मानो ज़मीन खिसक की जा रही थी हवा का एक झोंका जोर से आकर टकराया और चीख निकल गई ।
आआआआआ
तभी अचानक फिर एक परछाई आंखों के पास नजर आए उस परछाई का करीब आना और हृदय की गति का बढ़ते जाना मानो प्राण देने के लिए काफी था। पत्तों की सरसराहट में परछाई और करीब और करीब और करीब आती जा रही थी।घबराहट और बेचैनी से माथे पर पसीने की बूंदें आ चुकी थी सुनसान काली अंधेरी रात में किसी की मदद को बढ़कर क्या मैंने अपनी ही जान जोखिम में डाल दी थी इन सवालों के बीच हृदय की गति बढ़ती जा रही थी बढ़ती जा रही थी बढ़ती जा रही थी।
आसमान में कड़कती बिजली और हवाओं के थपेड़े डर को और भी बढ़ा रहे थे जाने कौनसी कयामत आने को थी। डर से कांपते थरथराते होठ मुख से आवाज तक नहीं निकल पा रही थी बस जेहन में एक ही बात बार-बार दोहरा रही थी वह कौन थी वह कौन थी जो अंधेरी रातों में मुझको डरा रही थी।
आंखों के सामने कभी नागिन से बल खा रही थी और कभी हवा के झोंके संग आंख से ओझल हो जा रही थी। अचानक ये क्या हुआ, धम की आवाज मानो जैसे प्राण निकल ही गए थे पर तभी एहसास हुआ मैं ख्वाबों में वो वक्त बिता रही थी अभी भी धड़कने तेज और सांसो की गति बेकाबू होती जा रही थी मन में सिर्फ एक ही बात मानो बार-बार आ रही थी वो कौन थी वो कौन थी बस यही दोहरा रही थी।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**पूनम शर्मा स्नेहिल**
उत्तर प्रदेश
गोरखपुर

## भूकंप से तबाही

निगल ली कई हजार जिंदगियां
आएं कुछ पल के भूकंप ने वहां
बेघर हो गए हैं इंसान टूटे हैं घर वहां,
कुछ पल की हिली धरती,
सब पर कहर बरपा गई,
बच्चों को माँ-बाप से,
माँ-बाप को बच्चों से जुदा बना गई,
था कहर भयंकर
बरपा तुर्की और सीरिया में,
गगन छूती इमारतों को कांपती
धरती जमींदोज बना गई,
उजड़ गई है दुनियां उनकी,
जिनके चेहरे खिलखिलाते थे,
पल भर में कुदरत
सबको ही रूला गई,
किसने सोचा था चंद मिनटों में,
ये सब हो जाएगा,
लाशों के ढ़ेर थे चारों तरफ,
वो तबाही में मंजर बना गई,
बिलख रहें हैं बच्चे बुढ़े सब वहां
तड़प रही है जिन्दिगी,
जिसने देखा तस्वीरों में,
उनके आँसू बहा गई,
करो मदद ए दुनियाँ के देशों,
इन्सान बनकर वहाँ,
जब से देखीं हैं
खौफनाक तस्वीरें वहां,
दिल को बहुत रूला गई,

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**रामेश्वर दास भान**
करनाल,
हरियाणा

## बसंत ऋतु आई

देखो बसन्त ऋतु है आई
खेतों में पीली सरसों लहराई
आम के बागानों में कोयल
कुहू- कुहू की रट लगाई
वन- उपवन हैं, हरे- भरे
प्रकृति में रौनकता लाई
लहलहाते गेहूँ के खेत
चल रही पवन पुरवाई
कितनी सुहानी ऋतु आई
यौवन ने फिर ली अँगड़ाई
झूमते- गाते भ्रमर सारे
फूलों ने खुशबू फैलाई
नव गीत सजे नव प्रीत जगे
वासंती रंग जगत में छाई
मौर लगे आम के पेड़ों में
पलास के फूल भी सकुचाई

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**मुकेश उइके**
मयारू
चेपा,पाली,कोरबा
छत्तीसगढ़

# तुर्किये-सीरिया के भूकम्प से सबक सीखने की जरूरत

6 फरवरी को 7.8 की तीव्रता के शक्तिशाली भूकम्प से तुर्किये और सीरिया में हुए महाविनाश में 20 हजार से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। तुर्किये की भौगोलिक स्थिति के चलते यहां अक्सर भूकम्प आते रहते हैं। 1999 में तो यहां भूकम्प से 18 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। तुर्किये और सीरिया में भूकम्प से हुई भयानक तबाही को देखने के बाद कुछ समय से भारत के विभिन्न हिस्सों में लगातार लग रहे भूकम्प के झटकों को लेकर भी चिंता गहराने लगी है। आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिक भारत में भी तुर्किये तैसे ही तेज भूकम्प की आशंका जता रहे हैं। उनके मुताबिक आगामी एक-दो वर्षों में या एक-दो दशक में कभी भी भारत के कुछ हिस्सों में 7.5 से भी ज्यादा तीव्रता के भूकम्प आ सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक देश का करीब 59 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न तीव्रताओं वाले भूकम्प के जोखिम पर है। खासकर दिल्ली-एनसीआर तथा निकटवर्ती राज्यों में तो बार-बार भूकम्प के झटके लग रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर में 3 फरवरी की रात 3.2 तीव्रता के भूकम्प के झटके महसूस किए गए थे। 24 जनवरी की दोपहर को तो दिल्ली-एनसीआर सहित कुछ राज्यों में रिक्टर स्केल पर 5.8 तीव्रता के भूकम्प के तेज झटके लगे थे। 5 जनवरी की रात दिल्ली-एनसीआर से लेकर जम्मू-कश्मीर तक में 5.9 तीव्रता के भूकम्प के झटके महसूस किए गए थे। उससे पहले दिल्ली एनसीआर में नए साल की शुरूआत भी 3.8 तीव्रता के भूकम्प के झटकों के साथ ही हुई थी। नवम्बर माह में तो दिल्ली-एनसीआर में दो बार ऐसे बड़े भूकम्प भी आए, जिनमें से एक अति गंभीर श्रेणी का रिक्टर स्केल पर 6.3 तीव्रता का था, जिसका असर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सहित सात राज्यों के अलावा चीन और नेपाल तक महसूस किया गया था।

2020 के बाद से भी दिल्ली-एनसीआर इलाका लगातार भूकम्प से झटकों से थर्रा रहा है। हालांकि राहत की बात यही है कि बार-बार लग रहे भूकम्प के झटकों से अब तक जान-माल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है लेकिन दिल्ली एनसीआर सहित उत्तर भारत में कई हल्के और मध्यम भूकम्प के झटके हिमालय क्षेत्र में किसी बड़े भूकम्प की आशंका को बढ़ा रहे हैं। ऐसे में यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वह दिन दूर नहीं, जब दिल्ली-एनसीआर का हाल भी तुर्किये और सीरिया जैसा ही होगा। भूगर्भ वैज्ञानिकों का मानना है कि कई छोटे भूकम्प बड़ी तबाही का संकेत होते हैं और बार-बार लग रहे भूकम्प के झटकों के मद्देनजर दिल्ली-एनसीआर इलाके में आने वाले दिनों में किसी बड़े भूकम्प का अनुमान लगाया जा रहा है। पिछले कुछ दशकों में दिल्ली-एनसीआर की आबादी काफी बढ़ी है और ऐसे में 6 से अधिक तीव्रता का भूकम्प यहां तबाही मचा सकता है। भूकम्प आने के खतरे को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों को कुल पांच जोन में बांटा गया है, जिनमें सर्वाधिक खतरनाक सिस्मिक जोन 5 है और उसके बाद सिस्मिक जोन 4 है। दिल्ली सिस्मिक जोन 4 में आती है और दिल्ली में कुछ क्षेत्र सिस्मिक जोन 4 से भी ज्यादा खतरे वाली स्थिति में हैं। ऐसे में दिल्ली में भूकम्प का खतरा हमेशा बना रहता है। एनसीएस के वैज्ञानिकों के मुताबिक दिल्ली को हिमालयी बेल्ट से काफी खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकम्प आने की भी क्षमता है। दिल्ली से करीब दो सौ किलोमीटर दूर हिमालय क्षेत्र में अगर 7 या इससे अधिक तीव्रता का भूकम्प आता है तो दिल्ली के लिए बड़ा खतरा है। हालांकि ऐसा भीषण भूकम्प कब आएगा, इस बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका कोई सटीक अनुमान लगाना संभव नहीं है। दरअसल भूकम्प के पूर्वानुमान का न तो कोई उपकरण है और न ही कोई मैकेनिज्म। विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली में बार-बार आ रहे भूकम्प के झटकों से पता चलता है कि दिल्ली-एनसीआर के फॉल्ट इस समय सक्रिय हैं और इन फॉल्ट में बड़े भूकम्प की तीव्रता 6.5 तक रह सकती है। इसीलिए विशेषज्ञ कह रहे हैं कि बार-बार लग रहे भूकम्प के इन झटकों को बड़े खतरे की आहट मानते हुए दिल्ली को नुकसान से बचने की तैयारियां कर लेनी चाहिएं। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में निरन्तर लग रहे झटकों को देखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट भी कई बार कड़ा रूख अपना चुका है। हाईकोर्ट ने कुछ समय पहले भी दिल्ली सरकार, डीडीए, एमसीडी, दिल्ली छावनी परिषद, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को नोटिस जारी करते हुए पूछा था कि तेज भूकम्प आने पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? अदालत द्वारा चिंता जताते हुए कहा गया था कि सरकार और अन्य निकाय हमेशा की भांति भूकम्प के झटकों को हल्के में ले रहे हैं जबकि उन्हें इस दिशा में गंभीरता दिखाने की जरूरत है। अदालत का कहना था कि भूकम्प जैसी विपदा से निपटने के लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है क्योंकि भूकम्प से लाखों लोगों की जान जा सकती है। दिल्ली सरकार तथा एमसीडी द्वारा दाखिल किए गए जवाब पर सख्त टिप्पणी करते हुए अदालत यहां तक कह चुकी है कि भूकम्प से शहर को सुरक्षित रखने को लेकर उठाए गए कदम या प्रस्ताव केवल कागजी शेर हैं और ऐसा नहीं दिख रहा कि एजेंसियों ने भूकम्प के संबंध में अदालत द्वारा पूर्व में दिए गए आदेश का अनुपालन किया हो। दिल्ली-एनसीआर भूकम्प के लिहाज से काफी संवेदनशील है, जो दूसरे नंबर के सबसे खतरनाक सिस्मिक जोन-4 में आता है। पिछले कुछ महीनों में दिल्ली-एनसीआर में आए भूकम्प के ज्यादातर झटके भले ही रिक्टर पैमाने पर कम तीव्रता वाले रहे हों किन्तु भूकम्प पर शोध करने वाले इन झटकों को बड़े खतरे की आहट मान रहे हैं। इसीलिए अधिकांश भूकम्प विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली एनसीआर की इमारतों को भूकम्प के लिए तैयार करना शुरू कर देना चाहिए ताकि बड़े भूकम्प के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। एक अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में करीब 90 फीसदी मकान क्रंकीट और सरिये से बने हैं, जिनमें से 90 फीसदी इमारतें रिक्टर स्केल पर छह तीव्रता से तेज भूकम्प को झेलने में समर्थ नहीं हैं। एनसीएस के अध्ययन के अनुसार दिल्ली का करीब 30 फीसदी हिस्सा जोन-5 में आता है, जो भूकम्प की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी कहा गया है कि दिल्ली में बनी नई इमारतें 6 से 6.6 तीव्रता के भूकम्प को झेल सकती हैं जबकि पुरानी इमारतें 5 से 5.5 तीव्रता का भूकम्प ही सह सकती हैं। विशेषज्ञ बड़ा भूकम्प आने पर दिल्ली में जान-माल का ज्यादा नुकसान होने का अनुमान इसलिए भी लगा रहे हैं क्योंकि करीब 2.25 करोड़ आबादी वाली दिल्ली में प्रतिवर्ग किलोमीटर दस हजार लोग रहते हैं और कोई बड़ा भूकम्प 300-400 किलोमीटर की रेंज तक असर दिखाता है। बहरहाल, यहां सवाल यह है कि निरन्तर आ रहे भूकम्पों के मद्देनजर ऐसे क्या कदम उठाए जाएं, जिससे विकास की गति भी प्रभावित न हो और प्रकृति को भी नुकसान न हो ताकि आने वाले समय में दिल्ली जैसे शहर तुर्किये और सीरिया जैसी भयावह त्रासदी झेलने को विवश न हों।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़,
नई दिल्ली

# करोना के आफ्टर इफेक्ट सावधान,पीड़ितों के लिए खतरनाक

कोरोना वायरस इतना खतरनाक वायरस है, कि इसके ठीक होने के बाद भी इसके जीवाणु शरीर में मौजूद रहते हैं, और इसी के परिणाम स्वरूप ब्लैक फंगस, वाइट और यलो फंगस होने की संभावना बनी रहती है। इस संक्रमण से आदमी ठीक तो हो जाता है,पर उसका संयम, आत्मबल और विचारधारा कमजोर हो जाती है। ऐसे में संक्रमित मरीजों को उनके ठीक होने के बाद बहुत ज्यादा देखभाल की आवश्यकता होती हैद्य वैज्ञानिकों के अनुसार कॅरोना नष्ट होने वाला वायरस नहीं है। इसकी पुनरावृत्ति समय के बीतने के साथ होने की संभावना होती हैद्य जिस तरह अन्य वायरस एंटीबॉडी से नष्ट हो जाते हैं,यह उस तरह का वायरस नहीं है,यह वायरस अन्य वायरस पैदा कर अपनी शक्ति को दुगना कर सकता है।और लोगों को संक्रमित करता रहेगा।ऐसे में मैं सरकार को चाहिए कि कॅरोना संक्रमण को आपदा प्रबंधन की सूची मैं शामिल कर वर्षभर इसका इलाज करना होगा एवं पूरे वर्ष आमजन को इससे सावधान बचाव की कोशिश करनी होगी।तब जाकर इस पर नियंत्रण किया जा सकेगा। करोना नेअब भयानक रूप ले लिया है। देश में कॅरोना संक्रमित लोगों की संख्या कई लाख से ऊपर जा चुकी है, और मौतों का आंकड़ा भी भयानक और डराने वाला है, अब केवल वैक्सीनेशन ही अंतिम उपाय शेष रह गया है। सरकार को चाहिए कि वैक्सीनेशन को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर लोगों की जान की रक्षा की जाए। सक्षम तथा अमीर लोगों को स्वैक्षिक रूप से सरकारी अस्पतालों को छोड़कर नर्सिंग होम, प्राइवेट हॉस्पिटल से ख़रीद कर टीके लगवाएं, ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मुफ्त में वेक्सीन का फायदा मिले एवं ज्यादा संख्या में आमजन वैक्सीनेशन करवा कर अपनी जिन्दगी का बचाव कर सके। अब सरकार और आम जनता को एकदम सचेत और अत्यंत सावधान हो जाना चाहिए। क्योंकि विदेशों से आने वाले नागरिकों से नए वर्शन के वायेरेंट वायरस मिले हैं ।अंतराष्ट्रीय यात्रियों में देश में आने पर अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जांच के दौरान ऐसे कई मरीज मिले हैं, जिनमें नए वेरिएंट के वायरस की पुष्टि हुई है। इसमें महाराष्ट्र से ही अनेक मरीज बिल्कुल नए वैरीअंट के करोना पॉजिटिव पाए गए हैं।केंद्रीय सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट रूप से बताया कि देश के 18 राज्यों में करोना के कई प्रकार के वैरीअंट मिले हैं,करोना वायरस का एक नया डबल म्युटेंट वैरीयेट प्राप्त हुआ है। जो कि सरकार तथा आम नागरिकों के लिए बड़ी चिंता का विषय वन गया है। करोना वायरस का यह नया म्युटेंट लंदन,अमेरिका तथा अन्य देशों में भी पाया गया है।करोना कि यह खतरनाक दूसरी लहर ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है ।भारत में नए केसेस की संख्या लगभग चार लाख के करीब हैऔर भारत में सबसे ज्यादा कोविड-19 के मरीज महाराष्ट्र, गुजरात, तमिल नाडु, राजस्थान,मध्य प्रदेश, गोवा तथा दिल्ली में पाए गए हैं। इस वर्ष देश में 1 दिन में रिकॉर्ड तीन से चार लाख,संक्रमित नए मरीज पाए गए हैं, जोकि स्वास्थ विभाग का ब्लड प्रेशर बढ़ाने के लिए काफी है। पिछले कुछ समय से पूरी दुनिया सहित भारत में कोविड-19 संक्रमण के मामले फिर तेजी से बढ़ रहे हैं, महाराष्ट्र में एक बिल्कुल अलग किस्म का वायरस मिला ह ।उल्लेखनीय है कि इस नए वेरिएंट वायरस के बारे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि यह वैक्सीन के प्रभाव सरचना से बच के इम्यून सिस्टम को ध्वस्त करके अपनी संक्रामक को बढ़ाता है, और वैरीअंट संक्रामकता को तेजी से बढ़ाने में सक्षम होता है। ऐसे में भारत जैसे देश जिसकी जनसंख्या 131 करोड़ है, को जल्द से जल्द वैक्सीन लगाने की पर्याप्त व्यवस्था भी केंद्र सरकार के पास उपलब्ध नहीं है, पूर्व गाइडलाइन से परे हटकर एक नई गाइडलाइंस जारी की है, जिसमें 18 साल से ऊपर के व्यक्ति को वैक्सीनेशन किया जा सकेगा, क्योंकि कई राज्यों में वैक्सीन रखे रखे खराब भी होने की स्थिति बन गई है, और 10 लोगों की क्षमता वाले एम्पुल खोलकर कम लोगों को लगाने से वैक्सीन की समय सीमा खत्म होने होने से प्रभावहीन हो जाती है। भारत के लोगों में वैक्सीनेशन की बहुत ज्यादा जागरूकता भी नहीं है। लोग अभी भी इसके वैक्सीनेशन के बाद के असर का इंतजार कर रहे हैं और वैक्सीन लगाने से परहेज करने की प्रवृत्ति लोगों में फैल रही है। ऐसे में सरकार सिर्फ दवाइयां और इसके बचाव के लिए दिशा निर्देश भी जारी कर सकती है,क्योंकि संपूर्ण जिम्मेदारी तो आमजन तथा व्यक्ति विशेष पर है। समय समय पर पर साबुन से हाथ धोना, सदैव मास्क लगाए रखना और भीड़भाड़ के इलाके में ना जाने की सावधानी ही इस खतरनाक वायरस से देश के नागरिकों को बचा सकती है।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी
रायपुर छत्तीसगढ़,

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# भाजयुमो ने आरटीओ कार्यालय का किया घेराव,पुलिस से हुई झूमाझटकी



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,10 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

आरटीओ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितता, घूसखोरी जैसी 10 सूत्रीय मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शुक्रवार की दोपहर में सरगंवा स्थित आरटीओ कार्यालय का घेराव किया गया। इससे पूर्व कार्यालय जाने से पुलिस द्वारा रोके जाने पर कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई वहीं पुलिस द्वारा रोके जाने से नाराज युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अम्बिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर बैठकर चक्काजाम करते हुए अपना विरोध जताया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के नेतृत्व में आर टीओ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितता, घूसखोरी, गुंडागर्दी जैसी 10 सूत्रीय मांग को लेकर हजारों कार्यकर्ताओं द्वारा घेराव किया गया। पुष्प वाटिका के पास भाजयुमो के हजारों कार्यकर्त्ता एकत्र होकर रैली के रूप में नारे बाजी करते हुए आरटीओ कार्यालय के सामने पहुंचे। जहां पुलिस जवानों के साथ झुमा झटकी करते हुए प्रतापपुर रोड को चक्काजाम कर परिवहन विभाग के खिलाफ भाषण दिया तथा मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री स्थानीय विधायकों तथा परिवहन अधिकारियों को जमकर कोसा। भाषण पश्चात बैरिकेट को तोड़ते हुए आरटीओ कार्यालय के सामने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौपा।

इस अवसर पर उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता मेजर अनिल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि परिवहन विभाग के अधिकारी एजेंट के रूप में काम कर रहे है। उनकी कार्य शैली से आय दिन जनमानस को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परिवहन व खनिज विभाग को भ्रष्टाचार का अड्डा बना लिया है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि आय दिन परिवहन विभाग की शिकायत आम जनमानस से सुनने को मिलता है और विभाग का कार्यालय भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा फैलाये गए भ्रष्टाचार, अनियमितता, अभद्र भाषा का प्रयोग, अवैध वसूली जैसे 10 सूत्रीय मांग को लेकर एक चेतावनी घेराव का कार्यक्रम हमने आरटीओ कार्यालय का घेराव किया। आय दिन निजी व्यक्ति को रखकर कही भी गाडियों को रोका जाता है तथा उनसे अवैध उगाही की जाती है। यदि विभाग में व्यवस्थागत उचित सुधार नहीं होता है, तो हम आने वाले समय में चरण बध्द तरीके से विभाग एवं अधिकारियों के खिलाफ आन्दोलन करेंगें। इस आन्दोलन को भाजपा जिला मंत्री विकास पाण्डेय, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अंकित जायसवाल, भाजपा के नगर महामंत्री दीपक सिंह तोमर, दीगम्बर यादव, निशान्त सिंह, सुनील यादव, महेश्वर राजवाड़े, रोचक गुप्ता, विकास शुक्ला आदि ने संबोधित किया एवं कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री संजीव वर्मा एवं अंशुल श्रीवास्तव ने किया। इस आन्दोलन में नकुल सोनकर, राजेन्द्र जायसवाल, जन्मजय मिश्रा, प्रेमानन्द तिग्गा, सुनील बघेल, विकास वर्मा, शरद सिन्हा, रविकांत उरांव, अनिरुद्ध मिश्रा, निशान्त गुप्ता, आर. डी. चौहान, अकिल साय मरावी, संजय सिंह, वीर सोनी, अनीश सिंह, अनुराग शुक्ला, गोलू यादव, अमोघ कश्यप, विवेक सिंह, निशान्त सिंह गोल्डी, अविनाश कुशवाहा, अजय सिंह, श्रीधर केशरी, दिव्यांशु केशरी, कौशलेन्द्र गुप्ता इलू, पंचानन कुमार, विक्की सोनी, नरेन्द्र पैकरा, धीरज सिंह, बुधमोहन सिंह, दीपक यादव, रवि सोनी, बुधमोहन, जयंतनाथ सिंह, कपिल राजवाड़े, विरेन्द्र गुप्ता, भोलू सिंह सेंगर, सौरभ मिश्रा, मनीष दुबे, रोनी मिश्रा, रौशन कुमार, राजकुमार राजवाड़े, विनय ठाकुर, आदित्य सिंह, हर्षवर्धन सिंह, शिव चरण गिरी, कन्हैया बघेल, राहुल जायसवाल सहित अन्य सभी भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नावापारा में अब मरीजों को मिलेगी सोनोग्राफी की सुविधा




- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

स्व. देवेंद्र कुमारी सिंह देव की तृतीय पुण्यतिथि पर स्थानीय शासकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा अंबिकापुर में अत्याधुनिक सोनोग्राफी मशीन की सुविधा की शुरूआत की गई। शुक्रवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने ऑनलाइन सोनोग्राफी सुविधाका उदघाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर डॉ. अजय तिर्की ने किया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत के सभापति राकेश गुप्ता, इस्लाम, बंटी शर्मा, दुर्गेश गुप्ता, डॉ. पीके सिन्हा, प्रभारी डॉ. आयुष जायसवाल, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अमीन फिरदौसी उपस्थित थे।

पूरे सरगुजा जिले में स्थानीय राजमाता देवेंद्र कुमार सिंह देव चिकित्सा महाविद्यालय संबंधित जिला चिकित्सालय अंबिकापुर में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है। जिससे गर्भवती माताओं को एवं अन्य बीमारियों के लिए सोनोग्राफी कराने में वेटिंग पीरियड बढ़ जाता है। जल्द ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में सोनोग्राफी मशीन की स्थापना की जाएगी। इसी कड़ी में सोनोग्राफी की सुविधा अब शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में उपलब्ध होगी जिससे आम जनता को बहुत राहत मिलेगी। हाल ही में 15 वां वित्त आयोग के अंतर्गत एवं मुख्यमंत्री उन्नयन कोष से स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लगभग एक करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। जिससे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा हमर अस्पताल के रूप में किया जा सके। वर्तमान में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में ओपीडी आईपीडी सुविधा के साथ-साथ फिजियोथैरेपी, नेत्र जांच, निन्शुल्क दवाइयां, टीकाकरण, कोविड टीकाकरण, कैंसर कीमोथेरेपी उपचार, दर्द निवारक केंद्र, सिकलसेल जांच उपचार केंद्र संचालित है। समस्त प्रकार की सुविधाएं इस स्वास्थ्य केंद्र में निन्शुल्क उपलब्ध है। भारत सरकार द्वारा 2022 में इस स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। भविष्य में अन्य और सुविधाएं हमारा अस्पताल के उन्नयन के बाद उपलब्ध हो जाएगी।

# परीक्षा तिथि जारी करने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन



- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

परीक्षा तिथि जारी करने एवं मूल्यांकन सावधानीपूर्वक करवाने की मांग को लेकर एनएसयूआई सरगुजा ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश महासचिव हिमांशु जायसवाल के निर्देशानुसार अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि जल्द से जल्द परीक्षा की समय सारणी जारी करने, प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करवाने जिससे विश्वविद्यालय का एक्डेमिक कैलेंडर सही हो सके, परीक्षाओं का मूल्यांकन सावधानीपूर्वक करने जिससे छात्रों का विथेल्ड एवं एब्सेंट न आए पूर्व में देखा गया है छात्र पूरे परिक्षाओं में शामिल होता है उसके बाद भी एब्सेंट दे दिया जाता है। छात्र विश्वविद्यालय का चक्कर काटते रहते हैं। ऐसे मामले ना आए जिस पर कुलसचिव ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए 4 दिवस के अंदर समय सारणी जारी करने की बात कही। 15 फरवरी से प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करने की बात कही। परीक्षा की संभावित तिथि 15 मार्च बताया साथ ही कहा की किसी छात्र को परेशानी न हो उसका भी ध्यान रखा जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के पूर्व जिला महासचिव अभिषेक गुप्ता, जिलाध्यक्ष खेल विभाग के रजत सिंह, जिला सचिव आयुष गुप्ता, प्रमोद जयसवाल, पंकज सिंह, मनीष जयसवाल, करण कुमार, शुमित सोनी, विशाल यादव संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्व.देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि





- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

स्व. देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव की तृतिय पुण्यतिथी पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय स्थित राजीव भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान गोविंद शर्मा, औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने उनके जीवन के बारे में विस्तार से बताया। श्रद्धांजली सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, महापौर डॉ. अजय तिर्की, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमंत सिन्हा एवं विनय शर्मा, मो. इस्लाम, सैयद अख्तर हुसैन, मुनेश्वर राजवाड़े, मदन जायसवाल, प्रमोद चैधरी, आशीष वर्मा, नरेन्द्र विश्वकर्मा, अनिमेष सिन्हा, शकीला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। वहीं महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त महिला कांग्रेस अध्यक्ष शहरी सीमा सोनी के नेतृत्व में चिकित्सा महाविद्यालय के मातृशिशु विभाग में नवजात शिशुओं को नये वस्त्र दिये गये। अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजनों को कंबल वितरण भी किया गया। इस दौरान गीता प्रजापति, निर्मला केहरी, हीरो बड़ा, चित्रा मिश्रा, पूर्णिमा सिंह, सरला राय, सुषमा चंद्राकर, गीता टोप्पो, नुजहत फातमा, फौजिया नाज, गीता श्रीवास्तव, मालती सिंह, उषा शर्मा, शालिनी नंदा, हमीदा आदि कार्यकर्ता मौजूद थी।



# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आशीर्वाद समारोह में हुए शामिल

## मुख्यमंत्री ने खाद्य मंत्री के पुत्र व पुत्रवधु को दिए सफल दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद

अम्बिकापुर,10 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार को खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के पुत्र के आशीर्वाद समारोह में शामिल होने मैनपाट पहुंचे। मैनपाट के कमलेश्वरपुर स्थित शैला रिसॉर्ट के पास आयोजित आशीर्वाद समारोह में मुख्यमंत्री ने विवाह सूत्र में बंध कर दाम्पत्य जीवन की शुरुआत कर रहे खाद्य मंत्री के ज्येष्ठ पुत्र आदित्य भगत एवं पुत्रवधु शालिनी तथा आशीष एवं रुचि को सफल दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद व शुभकामनाएं दिए। मुख्यमंत्री ने खाद्य मंत्री अमरजीत भगत व परिवार के सदस्यों को विवाह की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, सरगुज़ा आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व रामानुजगंज विधायक बृहस्त सिंह, अपेक्स बैंक के संचालक राजीव बंसल, छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष इरफान सिद्दीकी, तेल घानी बोर्ड के सदस्य लक्ष्मी गुप्ता, गो सेवा आयोग के सदस्य अटल यादव, छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के सदस्य बदरुद्दीन इराकी, पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री का कमलेश्वरपुर हेलीपेड में किया गया आत्मीय स्वागत



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर 10 फरवरी 2023/ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल शुक्रवार को हेलीकॉप्टर से मैनपाट पहुंचे। मैनपाट आगमन पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का कमलेश्वरपुर हेलीपेड में आत्मीय स्वागत किया गया। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने मुख्यमंत्री का अगवानी किया। मुख्यमंत्री यहां खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत के पुत्र के आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए।
इस दौरान छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा, रामानुजगंज विधायक श्री बृहस्त सिंह, अपेक्स बैंक के संचालक श्री राजीव बंसल, छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री इरफान सिद्दीकी, तेल घानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता,गौ-सेवा आयोग के सदस्य श्री अटल यादव, छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुद्दीन इराक़ी, पुलिस महानिरीक्षक श्री रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# हाथ से हाथ जोड़ों यात्रा क्षेत्रीय विधायक खेलसाय सिंह जी के नेत्रित्व में पहुचॉ बरबसपुर

रामानुजनगर,10 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

कांग्रेस षासन की जन कल्यानकारी योजनाओं के बारे मे जनमानस तक बात जनमानस तक सहजता से पहुचानें के उद्वदेष्य से जान हाथ से हाथ जोड़ों यात्रा विधान सभा क्षेत्र 04 प्रेमनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर पहुचा जहॉ पर उपस्थित ग्रामिणों के द्वारा सभी लोगों को नृत्य कर स्वागत किया गया। जहॉ पर क्षेत्रीय विधायक खेलसाय सिंह जी के द्वारा आमजनों की मांग अनुरूप् सी.सी.सड़क का भूमि पूजन किया गया जिससे लोगों को जनसंपर्क करने की समस्या से निदान मिल सके साथ ही साथ उपस्थित लोगों के द्वारा अपनी अपनी मांगों को विधायक महोदय के सम्मुख रखा गया जिसे पूर्ण करने का आष्वासन क्षेत्रीय विधायक के द्वारा दिया गया । इस भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य षषि सिंह, महेन्द्र साहू कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष, माया सिंह जनपद अध्यक्ष, कांग्रेस पि.म.मोर्चा उपाध्यक्ष आनंद कुवर सिंह, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं बड़ी संख्या में जनता उपस्थित रहें।



# बेंदोपानी में लगाया गया विशेष शिविर

» सड़क बिजली पानी सहित 31 आवेदन हुए प्राप्त निराकरण कर दिया आश्वासन





- संवाददाता -
लखनपुर,10 फरवरी 2023
(घटती-घटना)।

सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती शिवानी जयसवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे के मार्गदर्शन में लखनपुर विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम बेलदगी के आश्रित ग्राम बेंदो पानी में 10 फरवरी दिन शुक्रवार को प्रशासनिक अमले के द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार आई सी यादव, पंचायत निरीक्षक अनिल वर्मा, वनपरिक्षेत्राधिकारी सूर्यकांत सोनी, शिक्षा विभाग कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग सहित समस्त विभाग, स्वास्थ विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बेंदो पानी में निवासरत विशेष आरक्षित कोरवा पंडो जनजाति के लोगों के द्वारा सड़क ,बिजली पानी मूलभूत समस्या वन अधिकार पट्टा, शिक्षकों की कमी, पेंशन ,राशन कार्ड, जाब कार्ड, वन अधिकार पट्टा सहित खाचाकूड़ा जंगल से अवैध कब्जा हटाया जाने को लेकर अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवेदन किया गया। शिविर में पेयजल समस्या को लेकर 11 आवेदन, मनरेगा व जनपद पंचायत के 14 आवेदन, वन विभाग के 8 आवेदन ,खाद्य विभाग के 1आवेदन, शिक्षा विभाग के 1 आवेदन कुल मिलाकर 31आवेदन शिविर में आए प्राप्त आवेदनों को विभाग वार निराकरण करने हेतु आश्वासन दिया गया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 52 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए निशुल्क दवा का वितरण किया गया। ABEO मनोज तिवारी, बीआरसी दीपेश पांडेय , मत्स्य निरीक्षक शुभम साहू, उद्यान अधीक्षक उमेश पैकरा, मण्डल संयोजक अरविंद गुप्ता,बीपीएम साधना लकड़ा, विनोद भार्गव, अमित सिसोदिया, ग्राम सरपंच मुनेश पैकरा सचिव सुरेश सोनी, रोजगार सहायक तारा, पंच चंदन सिंह, राजाराम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# आज नवोदय में कक्षा 9 वीं प्रवेश के लिए परीक्षा

- संवाददाता -
सूरजपुर,10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जवाहर नवोदय विद्यालय सूरजपुर में सत्र 2023-24 में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 11 फरवरी को सुबह 11:00 बजे से होगी। प्राचार्य डॉ. राजेंद्र यदु ने बताया कि परीक्षा केंद्र जवाहर नवोदय विद्यालय सूरजपुर में परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने कक्षा 9 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है वे अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट से शीघ्रातिशीघ्र डाउनलोड कर लें। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अपने यूजर आईडी में पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड में किसी प्रकार का चिन्ह का प्रयोग न करके अपनी जन्मतिथि लिखें। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने प्रवेश पत्र तुरंत डाउनलोड करके उसका प्रिंट निकलवा लें। जिससे अंतिम समय में सर्वर के डाउन होने व साइट में किसी तकनीकी खराबी की वजह से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में होने वाली असुविधा से भी बच सकें। उन्होंने शुभकामनाओं के साथ सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने को कहा।




CMYK





# एनईएस कॉलेज जशपुर में एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित

जशपुरनगर ,10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव की उपस्थिति में आज आरबीआर एनईएस कॉलेज जशपुर में एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र जशपुर, जिला युवा अधिकारी सुश्री सुमेधा पवार, आरबीआरएनईएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वी.के.रक्षित, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, प्राचार्य नव संकल्प और सहायक प्रोफेसर डॉ. विनय तिवारी उपस्थित थे। कार्यशाला में युवाओं को होने वाले विभिन्न विकर्षण और उनसे निपटने के तरीकों के बारे में चर्चा की। इस दौरान युवाओं के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र किया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी के संबंध में कुछ सवालों के जवाब दिए। साथ ही अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करके खुद को युवाओं से जोड़ा गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकाखण्डों से करीब 200 युवाओं ने भाग लिया।



# अंतरग्रामीण फूटबाल टूर्नामेंट का फाइनल कल



अंबिकापुर ,10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

उदयपुर तहसील के ग्राम फत्तेपुर में अदाणी फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरग्रामीण फूटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच कल खेला जायेगा। राजस्थान राज्य विद्युत् उत्पादन निगम लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के तहत ग्रामों के बीच खेल और भाईचारे की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन द्वारा 1 फरवरी से अंतरग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन ग्राम फत्तेपुर में किया गया। 10 दिन लम्बी इस प्रतिस्पर्धा में आसपास के ग्राम साल्हि, परसा, हरिहरपुर, जनार्दनपुर, फत्तेपुर, तारा, सुसकम इत्यादि सहित कुल 16 ग्रामों की टीमों ने भाग लिया। हर एक टीम ने 11 स्थानीय खिलाडियों का चयन किया है जिससे आसपास के गांव में इस प्रतिस्पर्धा के लिए काफी उत्साह बना हुआ है। खिलाडियों और स्थानियों के लिए मैदान तैयार करने के अलावा अदाणी फाउंडेशन द्वारा सभी ग्रामों की टीम को कलर कोड की जर्सी और लोअर दिया गया।

टूर्नामेंट की श्रृंखला में जिसमे 16 लीग मैच चार क्वार्टर फाइनल और एक सेमीफइनल मैच खेला गया। आज सेमीफइनल का मैच फत्तेपुर की टीम, और क्व एवं टीम साल्हि और हरिहरपुर के बीच खेला जा रहा है। समाचार लिखने तक दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला जारी था। अब देखना ये है कल होने वाले फाइनल मैच में कौन सी दो टीमें टकराएंगी। विजेता टीमों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के खिलाड़ियों को अदाणी फाउंडेशन द्वारा नवाजा जाएगा।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा आरआरवीयूएनएल के सामाजिक सरोकारों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन और अधोसंरचना विकास के कई कार्यक्रम संचालित करता है। वहीं समय समय पर खेल भावना के तहत ग्रामों के बीच समय समय पर विभिन्न खेलों का आयोजन भी कराता रहता है।

# साल का पहला नेशनल लोक अदालत आज

अम्बिकापुर , 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित जिन्दल ने बताया है कि 11 फरवरी 2023 को वर्ष 2023 का पहला नेशनल लोक अदालत का आयोजन सम्पूर्ण देश के साथ-साथ सरगुजा जिले में भी किया जाएगा। लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के लिए 14 व सीतापुर में 1 खण्डपीठ का गठन किया गया है।

**प्रकरणों के निराकरण हेतु 15 खंडपीठ गठित**

खण्डपीठ क्रमांक 1 हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश बिहारी घोरे, खण्डपीठ क्रमांक 2 हेतु प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्रीमती धनेश्वरी सिदार, खण्डपीठ क्रमांक 3 हेतु प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती नीलिमा सिंह बघेल, खण्डपीठ क्रमांक 4 हेतु चेयरमैन स्थाई लोक अदालत श्रीमती उर्मिला गुप्ता, खण्डपीठ क्रमांक 5 हेतु द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज ठाकुर, खण्डपीठ क्रमांक 6 हेतु तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीनिवास तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 7 हेतु पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश जायसवाल, खण्डपीठ क्रमांक 8 हेतु सी.जे.एम नरेन्द्र कुमार, खण्डपीठ क्रमांक 9 हेतु चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सुश्री खिलेश्वरी सिन्हा, खण्डपीठ क्रमांक 10 हेतु व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सुश्री श्वेता गोस्वामी प्रथम, खण्डपीठ क्रमांक 11 हेतु द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सुश्री प्रिया रजक, खण्डपीठ क्रमांक 12 हेतु तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 कुमारी आकांक्षा सक्सेना, खण्डपीठ क्रमांक 13 हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी सुश्री रश्मि मिश्रा, खण्डपीठ क्रमांक 14 हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी सुश्री जेनिफर लकड़ा तथा तहसील सीतापुर में व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सुरेश टोप्पो सीतापुर की खण्डपीठ का गठन किया गया है।




# महोत्सव में नामी कलाकार बिखेरेंगे मनमोहक छटा

» दंगल, पतंग उत्सव एवं तीरंदाजी का होगा रोमांच

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

14 से 16 फरवरी 2023 तक तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव में बॉलीवुड, छॉलीवुड एवं भोजपुरी के नामी कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता, पतंग उत्सव, तीरंदाजी एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स का रोमांच भी रहेगा।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर पर 14 फरवरी 2023 को मशहूर बॉलीवुड सिंगर शशि सुमन, छत्तीसगढ़ी गायक पद्मश्री अनुज शर्मा, सुमेधा करमहे, मान्या नारंग, छत्तीसगढ़ी लोक गायक नितिन दुबे, संजय सुरिला की प्रस्तुति होगी। 15 फरवरी को भोजपुरी गायक पवन सिंह, बचपन का प्यार फेम सहदेव दिर्दो, इंडियन कॉमेडियन सुनिल पाल, छत्तीसगढ़ी लोक गायिका आरू साहू, जशमीत कौर, लिटिल चैंप गायक प्रियांशु मिश्रा तथा 16 फरवरी को बॉलीवुड सिंगर दलेर मेंहदी, छत्तीसगढ़ी गायिका अलका चन्द्राकर, जसगीत गायक दिलीप षड़ंगी, रंग झरोखा दुष्यंत हरमुख, सूफी गायक नासिर एवं निन्दर, छत्तीसगढ़ी लोक संगीत लोरिक चन्दा महोत्सव में रंग जमाएंगे। इसके साथ ही फूड जोन, करमा-शैला, सामूहिक विवाह, विभागीय स्टॉल, मेला शॉप, मेला, कटपुतली डांस, डांस स्टेज, स्कूल बच्चों का डांस, कत्थक डांस, तिब्बती डांस, बोटिंग का भी आयोजन किया जाएगा।

# समिति पंजीयन निरस्तीकरण के संबंध में दावा-आपत्ति आमंत्रित

अम्बिकापुर,10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सहकारी संस्थाएं अम्बिकापुर के उप पंजीयक ने बताया है कि पंजीयन निरस्त करने के संबंध में किसी भी प्रकार का दावा-आपत्ति है तो प्रकाशन दिवस के 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। निर्धारित दिवस भीतर प्रस्तुत नहीं करने पर यह मान्य किया जाएगा कि समिति समिति पंजीयन निरस्तीकरण के संबंध में समिति के किसी भी सदस्य को आपत्ति नहीं है। उप पंजीयक ने बताया है कि 57 समितियों का पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

जिले के नवभारत बुनकर सहकारी समिति मर्या0 पोकसरी, बुनकर सहकारी समिति मर्या. ककनी, मानिकपुरी महंत बुनकर सहकारी समिति मर्या0 सीतापुर, संत कबीर बुनकर सहकारी समिति मर्या0 देवगढ़, आदिवासी ईट एवं कवेलू उद्योग सह0स0 मर्या0 कोसंगा, जनता ट्रान्सपोर्ट सहकारी समिति मर्या0 अम्बिकापुर, सतगुरू महिला बुनकर सहकारी समिति मर्या0 केदारपुर, पहाड़ी कोरवा पंजी दर्री बुनकर सह0स0मर्या0 पहाड़ चिरगा, प्राथमिक विपणन सहकारी समिति मर्या0 बतौली, प्राथमिक कटहल उद्योग सहकारी समिति मर्या0 सरगवां, प्राथमिक बीज एवं वृक्ष उद्योग सहसमिति मर्या0 सरगंवा, प्राथमिक सिसलाना उद्योग सहकारी समिति मर्या0 सरगवां, दुग्ध सहकारी समिति मर्या0 हरदीसांड, दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति मर्या0 बैगहवा, बजरंग ट्रान्सपोर्ट सहकारी सोसायटी मर्या0 मानकिप्रकाशपुर, मुक्तांगन फिल्म एवं कल्चरल को आपरेटिव्ह सोसायटी मर्या0 अम्बिकापुर, सरगुजा विकास बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्या0 अम्बिकापुर, प्राथमिक वृक्ष सहकारी समिति मर्या0 नवानगर, सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मचारी केडिट एवं थिफ्ट, सहकारी समिति मर्या0 अम्बिकापुर, सरगुजा कृषक कल्याण सहकारी समिति मर्या0 अम्बिकापुर, दीनदयाल प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार मर्या0 अम्बिकापुर, उन्नति अण्डा उत्पादक सहकारी समिति मर्या0 सरगवां, कोसा कृमि पालन उद्योग सहकारी समिति मर्या0 अम्बिकापुर, प्राथमिक सरगुजा ईट भट्ठा सहकारी समिति मर्या0 फुन्दुरडिहारी, अम्बिका सब्जी फल-फूल उत्पादन विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी समिति मर्या0 बटवाही, स्वच्छता समृद्ध सरगुजा महिला सह समिति मर्या0 अम्बिकापुर, पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या0 अम्बिकापुर, रेशम उद्योग सहकारी समिति मर्या0 सकालो, समृद्ध सरगुजा मछुआ सहकारी समिति मर्या0 करम्हा, जिला सहकारी थोक उपभोक्ता भण्डार मर्या0 अम्बिकापुर, सरगुजा सहकारी खांडसारी कारखाना मर्या0 बटवाही, जिला वृक्ष सहकारी संघ मर्या0 अम्बिकापुर, महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्या0 अम्बिकापुर, श्री साई बाबा बहुउद्देशीय सह समिति मर्या0 अम्बिकापुर, रामकृष्ण बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्या0 अम्बिकापुर, न्यू अम्बे ट्रान्सपोर्ट सह0 समिति मर्या0 अम्बिकापुर, क्लर्क क्रेडिट कॉपरेटिव कॅन्टिन सह0 समिति मर्या0 अम्बिकापुर, सरगुजा बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्या0 अम्बिकापुर, खनिज सहकारी समिति मर्या0 सपना, आदिवासी मछुआ सहकारी समिति मर्या0 भफौली, महादेव काष्ट कला उद्योग सहकारी समिति मर्या0 सखौली, उज्वल बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्या0 अम्बिकापुर, प्राथमिक वृक्ष सहकारी समिति मर्या0 पटोरा, खनिज सहकारी समिति मर्या0 सूर, साक्षरता खनिज सहकारी समिति मर्या0 प्रतापगढ़, आदिवासी गिट्टी क्रेशर सहकारी समिति मर्या0 वंदनाकोट, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या0 राधापुर, दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति मर्या) भूषू, आदिवासी सहकारी समिति मर्या0 सीतापुर, करम्या विविध उद्देशीय सहकारी समिति मर्या0 कुदारीडीह, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या0 सरगवां, सहकारी मुद्रानालय एवं स्टेशनरी क्रय-विक्रय सहकारी समिति मर्या0 गोधनपुर, आदिवासी पशु पालन उद्योग सह0 समिति मर्या0 अम्बिकापुर, महिला उद्योग सहकारी समिति मर्या0 दर्रीपारा, अम्बिकापुर ग्रामीण ईंधन आपूर्ति सहा समिति मर्या0 अम्बिकापुर, एकता मदिरालय सहकारी समिति मर्या0 बतौली एवं प्राथमिक वृक्ष सहकारी समिति मर्या0 कोट के पंजीयन को निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है।

# लोगों को जागरूक करके तम्बाकू मुक्त अभियान

- संवाददाता -
जशपुरनगर,10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत जशपुर जिले में कोटपा एक्ट 2003 के तहत सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से विज्ञापन के रोक तथा उक्त अधिनियम के सभी धाराओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने हेतु विगत दिवस कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित किया गया था। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्द्र यादव और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।



कलेक्टर ने जिले में संचालित तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान अभियान के अंतर्गत लोगों को जागरूक करके अभियान को सफल बनाने के लिए कहा है। जिले के 227 चयनित शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। जिसमें कोटपा एक्ट के तहत सुचारू रूप से स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, नगरीय प्रशासन, शिक्षा विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग को कार्यवाही कर प्रभावी रूप से संचालित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही नगरीय निकाय क्षेत्र जशपुर को धूम्रपान मुक्त घोषित किये जाने के लिए अन्य नगरीय निकाय क्षेत्र जैसे कुनकुरी, बगीचा, कोतबा एवं पत्थलगांव मुक्त घोषित जाने का निर्णय लिया गया है।

# कलेक्टर के विशेष पहल पर जिला अस्पताल में लगाया गया है बेरा मशीन का सेटअप

## जिले के सभी दिव्यांग बच्चों का किया जा रहा है स्वास्थ्य परीक्षण

» अब तक 340 श्रवण बाधित बच्चों को बेरा एवं 76 बच्चों को पीटीए जांच का लाभ दिया गया

» परीक्षण कर उसी दिन दिव्यांगता और यूडीआईडी प्रमाण पत्र दिया जा रहा है

- संवाददाता -
जशपुरनगर ,10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर जिले के सभी दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन करके 02 जनवरी 2023 से स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से जिला चिकित्सालय जशपुर में बच्चों को उपस्थित कराकर विशेषज्ञ डॉक्टर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

कलेक्टर के विशेष पहल पर श्रवण बाधित बच्चों के लिए बेरा मशीन का सेटअप जिला चिकित्सालय के ऑडियोमेट्री कक्ष में लगाया गया है। जिसके माध्यम से अब तक 340 श्रवण बाधित बच्चों को बेरा एवं 76 बच्चों को पीटीए जांच का लाभ दिया गया है। प्रत्येक मंगलवार को दृष्टि बाधित बच्चों को भी जांच हेतु जिला चिकित्सालय में उपस्थित कराकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। अभी तक कुल 45 दृष्टि बाधित बच्चों को जांच करके आवश्यक सुविधा का लाभ दिया गया।





स्वास्थ्य कार्यक्रम को संचालित कर रहे जिले के बीआरपी ने बताया कि उपस्थित हो रहे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण ही नहीं बल्कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी प्रमाण पत्र उसी दिन जारी करके संबंधित दिव्यांग छात्र को लाभान्वित कराया जा रहा है साथ ही श्रवण बाधित बच्चों को श्रवण यंत्र एवं दृष्टिबाधित बच्चों को चश्मा दिया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर एक भी दिव्यांग छात्र चाहे वह शासकीय संस्था में अध्ययनरत हो या निजी संस्था में सभी को स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ दिलाने का सख्त निर्देश जारी किया गया है। दृष्टिबाधित और श्रवण बाधित स्वास्थ्य परीक्षण के बाद अन्य दिव्यांग बच्चों को भी परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय में उपस्थित करा या जाएगा। अभी तक कुल 160 दिव्यांग बच्चों को लाभान्वित कराया गया है एवं शेष बच्चों को भी जल्दी से जल्दी लाभान्वित कराया जाएगा।

# मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रही स्वास्थ्य सुविधाएं

» हाट बाजारों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 4,19,393 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

» परीक्षण के उपरांत तत्काल दी जा रही है निःशुल्क दवाईयॉ

- संवाददाता -
जशपुरनगर ,10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।







छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दूरस्थ एवं ग्रामीण जनों की स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लीनिक योजना का प्रारंभ किया गया है। जिसके माध्यम से दूरस्थ अंचल के क्षेत्रों के लोगों को बिना किसी परेशानी के स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। जशपुर जिले में भी हाट बाजार क्लीनिक योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे यहां के निवासियों को अस्पताल के साथ ही विभिन्न हाट बाजारों में ही बेहतर स्वास्थ्य उपचार मिल रही है।योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाट बाजारों में मेडिकल टीम के माध्यम से शिविर लगाकर बाजारों में ही लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभान्वित किया जाता है। परीक्षण के उपरांत उन्हें तत्काल निःशुल्क दवाई एवं परामर्श प्रदान की जाती है। जिससे लोगों को उनके घर के नजदीक ही आसानी से स्वास्थ्य ईलाज का लाभ मिल रहा है। बाजार में लोग सामानों की खरीदारी के साथ स्वास्थ्य संबंधी सलाह के साथ ही चिकित्सकों से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य उपचार का लाभ ले रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि हाट-बाजार क्लीनिक योजना से न सिर्फ स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा मिली है बल्कि उनके समय के साथ पैसों की भी बचत हो रही है। अब उन्हें ईलाज के लिए मुख्या दूर-दूर जाना नहीं पड़ता। हाट-बाजार में खून जांच, बीपी-शुगर जांच, मलेरिया, टाइफाइड सहित अन्य बीमारियों का भी जांच होता है।

जिले में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत अब तक कुल 112 हाट बाजारों में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा कुल 5975 शिविर लगाकर 419393 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया है। साथ ही 372594 लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया है। जिसमें फरसाबहार में 965 शिविर में 63631 मरीज, पत्थलगांव में 976 शिविर में 69659 मरीज, कांसाबेल में 625 शिविर में 44366 मरीज, दुलदुला में 812 शिविर में 61424 मरीज, कुनकुरी मे 686 शिविर में 52971 मरीज, बगीचा में 1157 शिविर में 80585 मरीज, जशपुर में 396 शिविर में 23159 मरीज एवं मनोरा में 258 शिविर लगाकर 23598 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभान्वित किया गया है।

# नवीन जिला एमसीबी में जनदर्शन में आ रहे मामलों का हो रहा निराकरण

» जनदर्शन के मामलों का निराकरण करने में खड़गवां ब्लाक अव्वल

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़ 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में जनदर्शन में आ रहे मामलों का निराकरण तेजी से हो रहा है। जिला जनदर्शन में आ रहे मामलों का निराकरण करने में जिले का खड़गवां ब्लाक अव्वल जिलेभर में अव्वल है। कलेक्टर पी एस ध्रुव के निर्देशन में खड़गवां एसडीएम नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में खड़गवां ब्लाक के जनपद पंचायत के कुल 304 प्रकरण में सभी प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है। जनदर्शन में खड़गवां जनपद के आये एक भी मामले लंबित नही है। वही खड़गवां अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में आये हुए 67 मामले में 62 मामले निराकृत किये जा चुके है सिर्फ 5 मामले लंबित है। इसके अलावा खड़गवां तहसीलदार कार्यालय को प्राप्त कुल 133 प्रकरण में 129 मामलों का निराकरण किया गया है व केवल 4 प्रकरण लंबित है। खड़गवां के बाद भरतपुर ब्लाक जनदर्शन के मामलों का निराकरण करने में अव्वल है। भरतपुर तहसीलदार कार्यालय को प्राप्त 153 प्रकरण में सभी प्रकरणों का निराकरण किया गया है यहां एक भी मामले लंबित नही है। जनदर्शन में भरतपुर जनपद को प्राप्त 222 प्रकरणों में 219 प्रकरणों का निराकरण किया गया है व सिर्फ 3 मामले लंबित है।



कलेक्टर कार्यालय एमसीबी


कलेक्टर पी एस ध्रुव


नयनतारा सिंह तोमर एसडीएम खड़गवां

### इन विभागों में भी निपट रही समस्याए

मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिला जनदर्शन में अब तक शिक्षा विभाग से सम्बंधित 29 प्रकरण आये है जिनमे 21 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। 8 प्रकरण लंबित है। नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में आये कुल 18 मामलों में 15 मामलों का निराकरण किया जा चुका है सिर्फ 3 प्रकरण यहां लंबित है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में केवल 2 प्रकरण आये है जिनका निराकरण किया जा चुका है। वहीं स्वास्थ्य विभाग में 4 प्रकरण आये है जिनमे 2 प्रकरण का निराकरण किया गया है और 2 प्रकरण लंबित है। नवगठित जिले के जनदर्शन में अब तक सभी विभागों के कुल 1895 प्रकरण प्राप्त हुए है जिनमे 1646 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है वहीं 249 प्रकरणों का निराकरण शेष है। नए जिले में प्रत्येक बुधवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। जिसमे कलेक्टर पी एस ध्रुव खुद फरियादियों के आवेदन लेकर उनकी समस्याओं के निराकरण के निर्देश अधिकारियों को देते है।

### इन विभागों के प्रकरण निराकरण के निर्देश

पी एस ध्रुव कलेक्टर जनदर्शन में वन विभाग के कुल 116 मामले आये है जिनमे 30 प्रकरण का निराकरण किया गया है 86 प्रकरण लंबित है। विद्युत विभाग में 5 प्रकरण आये है और एक भी प्रकरण का निराकरण नही किया गया है। कलेक्टर पी एस ध्रुव न जनदर्शन प्रभारी डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा को इन विभागों के प्रकरण निराकरण कराने के निर्देश दिए है।

### कलेक्टर जनदर्शन पर भरोसा बरकरार रहे

नयनतारा सिंह तोमर एसडीएम खड़गवां ने कहा की जिला जनदर्शन में आने वाले प्रकरणों के समय पर निराकरण के निर्देश मेरे द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को दिए गए है। हमारा प्रयास है कि जनदर्शन में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का निराकरण हो जिस से आमजन का कलेक्टर जनदर्शन पर भरोसा बरकरार रहे।

# कलेक्ट्रेट में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला पीएमजीएसवाई कार्यालय का चपरासी गिरफ्तार

» फर्जी नियुक्ति पत्र से इंटरव्यू कराने की भी थी शिकायत

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

बेरोजगारी इस कदर परेशान कर रखी है कि रोजगार की चाह में लोग बेवकूफ बनते नजर आ रहे हैं, धन भी जा रहा और धर्म भी जा रहा फिर भी नौकरी शॉर्टकट तरीके से ही चाही जा रही है, नौकरी की जरूरत सभी बेरोजगार को है पर इसका मतलब यह नहीं कि गलत तरीके से ही नौकरी पाई जाए, नौकरी पाने की चाह में कई लोग बेवकूफ बन कर पैसे लुटा देते हैं और धोखाधड़ी के जाल में फस जाते हैं फिर भी सीख नहीं लेते नौकरी चाहिए तो पैसे देकर ही नौकरी चाहिए, क्या यह सही है? ठीक है बेरोजगारी है इसका मतलब यह नहीं कि हम नौकरी की चाह में फ्रॉड करने वाले के शिकार बन जाए, कुछ ऐसा ही मामला इस समय सामने आया है जहां पर पीएमजेएसवाई कार्यालय बैकुंठपुर में चपरासी के पद पर पदस्थ कर्मचारी ने नौकरी लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से ठगी कर ली जिसकी शिकायत पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर मनेंद्रगढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



मिली जानकारी के अनुसार थाना मनेंद्रगढ़ में प्रार्थी चंद्रशेखर ठाकुर उम्र 26 वर्ष निवासी पिपरिया मनेंद्रगढ़ थाना आकर रिपोर्ट लिखाया की पीएमजेएसवाई कार्यालय बैकुंठपुर में कार्यरत चपरासी जिससे भाई के माध्यम से मुलाकात हुई थी वह उसे कार्यालय बैकुंठपुर कलेक्ट्रेट में चपरासी के पद पर नौकरी लगाने के लिए 2 लाख रुपए ले लिया है वापस नहीं कर रहा है उपरोक्त रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ में अपराध क्रमांक 65/23 धारा 420 भा. द. वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तत्काल पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक टीआर कोशिमा के निर्देश पर कार्यवाही किया गया। संपूर्ण मामले की मॉनिटरिंग के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेष कुमार बरैया एवम एसडीओपी मनेंद्रगढ़ राकेश कुर्रे के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसने आरोपी जो फरार होने के जुगाड़ में लगा था जिसे घेराबंदी कर बैकुंठपुर से पकड़ा गया पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह पीएमजेएसवाई कार्यालय बैकुंठपुर में चपरासी के पद पर पदस्थ है उसके द्वारा अन्य लोगों से भी नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। नाम आरोपी मोइज अहमद पिता हाकिम अली उम्र 30 वर्ष निवासी बैकुंठपुर आरोपी के पास से कुछ रायपुर मंत्रालय एवं जिला कलेक्ट्रेट बैकुंठपुर के नियुक्ति संबंधित कुछ दस्तावेज मिले हैं उक्त संबंध में भी विवेचना की जा रही है आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सचिन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक आरएन गुप्ता, प्रधान आरक्षक इश्तियाक खान, शंभू यादव, राकेश शर्मा, पुष्कल कुमार सिन्हा, प्रिंस राय, विनीत सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी हुई घोषित

» जिलाध्यक्ष अमित पोद्दार ने की कार्यकारिणी की घोषणा

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़ 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



जिला कॉंग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित पोद्दार ने व्यापार प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष अमित पोद्दार ने नए जिले मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के सभी ब्लाक अध्यक्ष के अलावा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की है। घोषित नई जिला कार्यकारिणी में सुनील ताम्रकार, अमित पुरी, अमित कक्कड़ व अंकित अग्रवाल को जिला महामंत्री, रंजीत सिंह रैना को जिला उपाध्यक्ष, गुलाम हैदर को जिला कोषाध्यक्ष, हरीश अग्रवाल, अख्तर हुसैन, आशीष श्रीवास्तव, सोहेल मेमन व दीपक गुप्ता को जिला सचिव, ऋषि तिवारी को जिला सह सचिव, दीपक कुमार सिंह, गुरजीत सिंह रैना, अकरम मंसूरी व प्रवेश राय को जिला उपाध्यक्ष, रोहित जायसवाल, रियाज खान को जिला सचिव, विनय रंजन विश्वास को जिला उपाध्यक्ष, सैफुल सैफ, परवेज अहमद को जिला महामंत्री, मनीष कुमार ताम्रकार को जिला सचिव व अमित गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अमित पोद्दार ने सभी जिला पदाधिकारियों को व्यापारियों को कांग्रेस से जोड़ने व कांग्रेस की रीति नीति से अवगत कराने के निर्देश दिए है। अमित पोद्दार ने कहा है कि प्रदेश की भूपेश सरकार व्यापारियों के हित में कार्य कर रही है जिसका लाभ आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा।

# प्रेमाबाग में शतचंडी महायज्ञ हेतु कलश यात्रा आज

» देवराहा सेवा समिति ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

» 16,17 एवं 18 को गंगा आरती का आयोजन

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय के प्रेमाबाग शिव मंदिर परिसर में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है, आज शनिवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी, महायज्ञ हेतु आयोजन समिति देवराहा सेवा समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है, समिति ने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने का आह्वान किया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने बताया कि प्रेमाबाग शिव मंदिर परिसर में प्रति वर्ष महायज्ञ का आयोजन किया जाता है, वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी उक्त धार्मिक



कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस साल 9 कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 11 से 19 फरवरी तक किया जाएगा, जिसके तहत 11 फरवरी को सुबह 10 बजे से विशाल कलश यात्रा प्रेमाबाग मंदिर परिसर से निकाली जाएगी, यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गेज नदी तट तक जाएगी और यहां से जल भरकर पुनः मंदिर परिसर में समाप्त होगी। समिति अध्यक्ष ने बताया कि पहले दिवस 11 फरवरी को कलश यात्रा, प्रायश्चित 10 विद स्नान शालिग्राम पूजन,पंचांग पूजन, ब्राह्मण वरण, 12 फरवरी को कमंडप प्रवेश, अग्नि मंथन, अग्निस्थापना, हवन प्रारंभ, 13 फरवरी को मंडप पूजन, वेदी पूजन, हवन, 14 फरवरी को भगवती पूजन, श्रृंगार दान, 15 फरवरी को मंडप आवाहित देवता पूजन, 16 फरवरी को रक्त पुष्प सहस्त्रार्चन, 17 फरवरी को रक्त चंदन सहस्त्रार्चन, 18 फरवरी को रूद्राभिषेक, लक्ष्मी पूजा व 19 फरवरी को पूर्णाहुती, विसर्जन, विदाई एवं भंडारा का आयोजन होगा। 16, 17 एवं 18 फरवरी को शाम 7.30 भव्य गंगा आरती की जाएगी जो श्रद्वालुओं के लिए भव्य आकर्षण होगा। समिति अध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने बताया कि आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई, रंग रोगन, यज्ञ मंडप को तैयार करने से लेकर मंदिर परिसर की भव्य साज सज्जा व अन्य सभी तैयारी पूरी हो गई है, श्रद्वालुओ को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका समिति पूरा ख्याल रख रही है। श्री शिवहरे ने श्रद्वालुओ से कलश यात्रा सहित समस्त आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

# सीएम हाऊस घेराव में शामिल होंगे कोषालय कर्मचारी:राहुल मिश्रा

» संयुक्त मोर्चा लिपिक संघ का सीएम हाऊस घेराव 17 को।

» पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया निर्णय

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आगामी 17 फरवरी को संयुक्त मोर्चा लिपिक संघ द्वारा अपनी एक सूत्रीय मांगो के तहत सीएम हाऊस घेराव का कार्यक्रम रखा गया है उक्त कार्यक्रम में कोषालय कर्मचारी संघ के सदस्य भी शामिल होंगे, इस बारे में पिछले दिनो कर्मचारी संघ की बैठक गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई थी जिसमें शामिल सदस्यो ने सामूहिक रूप से निर्णय लेकर आंदोलन में शामिल होने की बात कही है, जिसमें प्रदेश भर के कोषालयो के कर्मचारी शामिल होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कोषालय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने बताया कि पिछले दिनों छत्तीसगढ प्रदेश शासकीय कोषालयीन कर्मचारी संघ के प्रदेश डॉ. जितेन्द्र सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित संघ की बैठक में प्रदेश भर के कर्मचारी साथी शामिल हुये,विभिन्न जिलो के अध्यक्ष भी इस बैठक में शामिल थे, महामंत्री दीपक देवांगन ने आंदोलन के बारे में विस्तार से जानकारी सदस्यो को दी, जिस पर सभी ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया और उक्त आंदोलन में शामिल होने का फैसला किया है। जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने बताया कि वेतन विसंगति दूर करने संबंधी एक सूत्रीय मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा लिपिक संघ के द्वारा आगामी 17 फरवरी को मुख्यमंत्री निवास घेराव का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें कोषालय के कर्मचारी भी शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उक्त आंदोलन में कोरिया कोषालय के कर्मचारी भी आकस्मिक अवकाश लेकर शामिल होंगे। इस बारे में श्री मिश्रा ने कहा कि लिपिक वर्ग वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर हमेशा से प्रयासरत है, लेकिन आज तक उनकी मांग नही सुनी गई, कम वेतन की मार लिपिक वर्ग झेल रहा है। शासन स्तर से लिपिको का वेतन विसंगति दूर करने भी कभी ठोस कदम नही उठाया गया, लिपिको ने इस मांग को लेकर पूर्व में भी लंबी लड़ाई लड़ी है, एक महीने से अधिक समय तक का आंदोलन भी पहले किया जा चुका है, लेकिन आज तक मांग पूरी नही हुई, आश्वासन देकर लिपिको के आंदोलन को हमेशा से कुचलने का प्रयास किया गया लिपिक वर्ग किसी भी कार्यालय में रीढ की हड्डी के सामान है और अब फिर से लिपिक वर्ग प्रदर्शन के लिए विवश है और इसी के तहत 17 फरवरी को एक दिवसीय प्रदर्शन किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उक्त प्रदर्शन के बाद भी यदि उचित हल नही निकला तो आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।



# तेंदुए के बाद बाघ की दहशत,गोगपा ने बाघ के आतंक से निजात दिलाने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

» जंगलों का खत्म हो ने की वजह से जानवरों का गांव व शहर की ओर रुख करना मजबूरी

» वन विभाग निर्माण में व्यस्त जंगल बचाने के प्रति बिल्कुल भी नहीं ध्यान

» जंगलों का खत्म होना कहीं ना कहीं जानवरों के लिए भी खतरनाक








- रवि सिंह -
एमसीबी मनेंद्रगढ़ 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अविभाजित कोरिया जिले का जंगल अब जानवरों के लिए बचा नहीं यही वजह है कि जानवरों का विचरण अब गांव व शहर की तरफ होने लगा है जंगलों के संरक्षण के लिए जिस विभाग को जाना जाता है वह विभाग सिर्फ अपना वही काम नहीं कर रहा बाकी निर्माण में पूरी तरीके से मशगुल है हम बात कर रहे हैं वन विभाग की जिसका वास्तविक काम वन व वन्य प्राणी को संरक्षित करना है जिस काम को विभाग बिल्कुल भी ईमानदारी के साथ नहीं कर रहा यही वजह है कि कोरिया के जंगलों के जानवर गांव व शहर का रुख कर रहे हैं और मनुष्यों को नुकसान पहुंचाने लगे, कुछ समय पहले तेंदुए ने उत्पात मचा रखा था और ग्रामीणों की जान ले रहा था जैसे तसे तेंदुए को वन विभाग ने पकड़ लिया अब बाग उत्पात मचा रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में फिर से एक बार दहशत का माहौल है गोड़वाना गणतंत्र पार्टी ने अब आदमखोर बाघ के आतंक से आम जनों को निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा है पर क्या ज्ञापन सौंपने से समस्या का समाधान होगा? समस्या तो विकराल होती ही जा रही है और उसका सिर्फ एक वजह है वह है जंगलों का विनाश।

जानकारी के अनुसार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के नाम एमसीबी डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा के हाथों में ज्ञापन सौंपा है केवल सिंह मरकाम एमसीबी जिला अध्यक्ष, कन्हैया लाल यादव पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष, जगजीवन सिंह उईके जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, शशि राज सिंह प्रदेश प्रचार मंत्री छत्तीसगढ़, अजय सिंह कमरिया जिला महामंत्री एमसीबी, राजेंद्र सिंह ब्लॉक सचिव एमसीबी, विजय गौड़ ब्लॉक प्रचार मंत्री, सलीम कार्यालय प्रभारी एमसीबी, रुकमणी महिला प्रकोष्ठ महासचिव प्रदेश, सूकूराम धुर्ब शहरी प्रभारी, आनंद शर्मा मनेंद्रगढ़ नगर अध्यक्ष उपस्थित रहे। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की माँगा है की इन दिनों नव निर्मित जिले मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी- भरतपुर में आदमखोर बाघ का आतंक छाया हुआ है। जिससे सम्पूर्ण जिले में आम जन भयभीत हैं और अपनी जान माल की रक्षा के लिए शासन-प्रशासन की ओर टकटकी निकाहें से आशान्वित हैं। ज्ञात हो कि विगत दिनों में भरतपुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बाघ का आतंक छाया रहा जो कि अनेकों जानवरों व इंसानों पर हमला किया और अनेकों जानें खत्म हो गई। जिसे वन विभाग की टीम द्वारा जाल बिछालकर पकड़कर बिलासपुर ले जाया गया। इसके आतंक से अभी लोग धैर्य नहीं धर पाए थे कि अब नए बाघ द्वारा आए दिन लोगों व जानवरों पर हमल कर पूरे एम.सी.बी. जिले को अपने आतंक से हिला कर रख दिया है।

### बाघ का ग्रामीण पर हमला

ज्ञात हो कि ग्राम कछौड़ के गुडरू नदी के किनारे आदिवासी व्यक्ति नदी किनारे मछ्ली पकड़ने जाल लेकर गया और वहीं आदमखोर बाघ द्वारा हमला कर दिया जिससे मौके पर ही उसकी जान चली गई और उसके पूरे शरीर को नोच दिया एक पैर पूरा खा लिया। इसके साथ-साथ स्थानीय लोगों के अपने पालतू मवेशियों पर भी हमला कर कई जानवरों को मारकर खा लिया। जिससे पूरे क्षेत्र में काफी दहशत है।

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने मृतक व्यक्ति के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा देने की माँगा की

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी शासन-प्रशासन से मांग करती है कि अतिशीघ्र आदमखोर बाघ को स्पेशल टीम बनाकर जाल बिछाकर पकड़ा जाए और उस आदमखोर बाघ के हमले से मृतक व्यक्ति को 50 लाख का मुआवजा एवं जिन-जिन लोगों के मवेशियों को बाघ ने घायल किया / मार दिया है, उनको भी 1-1 लाख रूपये मुआवजा दिया जावे एवं पूरे जिले में इसी तरह के अन्य आदमखोर जंगली जानवरों की खोजबीन की जावे और मिलने पर उसे भी जाल में फंसाकर अन्य आम जनों से दूर सुरक्षित जंगलों में भेजा जावे। शासन-प्रशासन द्वारा उक्ताशय पर 15 दिनों के अन्दर कोई ठोस कार्य नहीं करने पर गोगपा जनहित रक्षार्थ यह मानेगी कि शासन-प्रशासन आदिवासियों को खत्म करने का षड़यंत्र रच रही है व वह आमजन की रक्षा में विफल हो गई है और पूरे प्रदेश में सरकार के विरूद्ध वृहद आन्दोलन करने विवश होगी।

# ठेकेदार कर रहा है करोड़ों की लागत की जिलदा से कदमबहरा सड़क निर्माण में लापरवाही

## डब्लू एम एम प्लांट एवं सडक निर्माण समाग्री डब्ल्यू एम एम जो पेवर मशीन से बिछाना है वो भी नहीं किया गया

### लोक निर्माण विभाग के साइड इंजिनियर ने कहा था की अभी सिर्फ सडक की थिकनेस को पूरा किया जा रहा है इसके बाद पेवर मशीन से डब्ल्यू एम एम को दो लेयर बिछया जाएगा

**उसके बाद ना ही डब्ल्यू एम एम पेवर मशीन से बिछया गया है और अब डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है लोक निर्माण विभाग के अधिकारीओ की सह पर ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य सही तरीके से गुणवत्ता युक्त नही किया गया है और साइड इंजिनियर भी गलत जानकारी देकर निर्माण कार्य को पूरा किया जा रहा है।**

- लोक निर्माण विभाग के अधिकारी पर ठेकेदार पड रहा है भारी
- ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से कराया जा रहा है जिलदा से कदमबहरा पहुंच सड़क मार्ग का नव निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामाग्री का उपयोग
- लोक निर्माण विभाग के अधिकारीओ के सामने ठेकेदार कर रहा है सडक की लम्बाई चौडाई और मोटाई मे खेल अधिकारियों को जानकारी के बाद भी नहीं कर रहे हैं कार्यवाही
- लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री एवं मुख्य मंत्री के द्वारा गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण कार्य कराये जाने पर कडी कार्यवाही करने के निर्देश के बाद भी सड़क निर्माण कार्य धड़ल्ले से गुणवत्ता विहीन निर्माण किया जा रहा है
- सडक निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा डब्ल्यू एम एम का निर्माण समाग्री बिना डब्ल्यू एम एम प्लांट के और बिना पेवर मशीन से बिना ग्रेडिंग के ग्रेडर मशीन से कार्य कराया गया है। जबकि यहां सडक निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की सारी जानकारी और इनके सह पर कराया जा रहा है सडक की निर्माण सामग्री किस डब्ल्यू एम एम प्लांट से कया कया सामग्री किस किस मात्रा में मिल कर आ रही है इसकी जाच करने की जरुरत कभी नहीं समझी अधिकारीयों ने जिससे इनके किए गए निरीक्षण पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है अधिकारी सिर्फ करते हैं निरीक्षण का दावा







- राजेन्द्र शर्मा -
खडगवा, 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

लोक निर्माण विभाग संभाग कोरिया छत्तीसगढ़ के द्वारा जिलदा से कदमबहरा सडक निर्माण कार्य गुडघेला नाला से सिघंत पहुंच मार्ग जिसकी करोडो रुपए की लागत से कार्य किया जा रहा है गुडघेला नाला से सिंघत तक सड़क और जिलदा से कदमबहरा सडक नवनिर्माण एवं उन्नयन के कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे अम्बिकापुर से ए सी लोक निर्माण विभाग के रविवार छुट्टी के दिन आकर करोड़ों रुपये की लागत से निर्माणाधीन सडको गुणवत्ता की जाच करने आये थे शिकायत की जाच ए सी लोक निर्माण विभाग ने अपनी सरकारी वाहन क्रमांक मे सवार होकर सुनियोजित तरीके से मनेद्रगढ संभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदार के साथ ए सी ने सरकारी कार से सिर्फ घूम कर सडको की जाच और निरीक्षण किया कार से उतरकर सडको पर कौन सा एवं किस गुणवत्ता मापदंड और अनुपात में सडक का निर्माण कार्य हुआ है जिसे लोक निर्माण विभाग के ए सी ने जरूरत नहीं समझी ये जाच पर आये उच्च अधिकारी करोड़ों रुपये की लागत कि सडको की जाच हवा हवाई करे ये उच्च अधिकारी सिर्फ एक रेस्ट हाउस से दूसरे रेस्ट हाउस मे जाकर जाच पूरी कर ली।

लेकिन ठेकेदार के द्वारा करोड़ों रुपये की लागत की सडको का कार्य बिना डब्लू एम एम प्लांट एवं बिना पेवर मशीन के सडक का निर्माण कार्य लगभग डब्ल्यू एम एम का 100/ प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है जबकि सडक पर डब्ल्यू एम एम की समाग्री को पेवर मशीन से सडक पर बिछाना है जो नहीं किया गया है आज लोक निर्माण विभाग के ए सी के जाच के दौरान निर्माणाधीन सडक पर शोपीस बना कर खड कर दिया गया था जिसे कार्य करते हुए जाचकर्ता अधिकारी को देखना था मगर इस उच्च अधिकारी ने ऐसा करने की जरूरत ही नहीं समझी ।

इस पेवर मशीन केसडक निर्माण कार्य के संबंध में सथानीय ग्रामीणों से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि जब से सडक का निर्माण कार्य चल रहा है हमे इस मशीन का कार्य करते नहीं देखा है ये मशीन एक दिन सिर्फ दो घंटे सडक पर खडी थी और उसके बाद कहीं नहीं दिखाई दी ठेकेदार के द्वारा सडक का सारा निर्माण कार्य ग्रेडर मशीन से किया गया है।

लोक निर्माण विभाग के देखरेख मे गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को अंजाम दिया गया है। जिसका मौके पे जाकर जांच करने पर सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है, जिससे होने वाले कार्य की मजबूती पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है?

जबकि इस कार्य का देखरेख करने वाले संबंधित अधिकारी ठेकेदार के हाथों की कठपुतली बनकर उनके इशारे पर नाचते नजर आते है, तो वही क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनियों के पास भी इतनी फुर्सत नही कि किस कदर कार्य कराया जा रहा है, उसका मौके पर जाकर निरीक्षण कर सके।

इस संबंध पर जब निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर विभागीय इंजिनियर से फोन पर सड़क निर्माण कार्य कि जानकारी ली गई तो उन्होंने ने कहा था कि अभी तो सिर्फ सडक की थिकनेस को ठीक किया जा रहा है इसके बाद डब्ल्यू एम एम को पेवर मशीन से बिछ्या जाएगा जो ठेकेदार के द्वारा नहीं किया गया है और अब उस सडक पर डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

अब सवाल ये उठता है कि जिस इंजीनियर ने दो लेयर डब्ल्यू एम एम पेवर मशीन से होने की बात मोबाइल के माध्यम से कहीं वो सडक निर्माण कार्य हुआ ही नहीं और डामरीकरण शुरू हो गया इस से किसी ना किसी बडे भ्रष्टाचार की ओर इशारा किया जा रहा है?

जबकि सडक निर्माण कार्य मे उपयोग किया जा रहे समाग्री का जिसडब्ल्यू एम एम प्लांट से मिश्रण कर तैयार किया जा रहा है उसका भी विडिओ ग्राफी किया जाना है एवं जिस मिश्रण समाग्री को सडक पर जिस पेवर मशीन से बिछाने का ठेकेदार से अनुबंध होता है उसकी भी विडिओ ग्राफी फोटो भी लिया जाना है जिससे सडक निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पर किसी प्रकार का कोई प्रश्न चिन्ह ना लगे और ये शासन के निर्देश भी है। मगर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार के द्वारा साठगांठ कर किसी प्रकार की कोई विडिओ ग्राफी फोटो नहीं किया गया है।

निर्माण कार्य कि देखरेख करने वाले अधिकारी साइड पर जाते ही नहीं है फोन के माध्यम से जानकारी देकर सडक निर्माण कार्य किया जा रहा है।

# हरदीबाजार पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को गुजरात से किया गया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा, 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

दिनांक 12.01.2023 को प्रार्थी थाना हरदीबाजार उपस्थित आकर इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी की पुत्री को दिनांक 08.01.2023 को ग्राम भलपहरी से कोई अज्ञात व्यक्ति अपहरण कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना हरदी बाजार में अपराध क्रमांक 15/2023 धारा धारा 363 भादवि. कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मार्गदर्शन प्राप्त करने पर आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान संदिग्ध विजेन्द्र कुमार रात्रे पिता बुधवार रात्रे उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम भलपहरी थाना हरदी बाजार जिला कोरबा द्वारा अपहृता को गुजरात ले जाने की जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक कोरबा उदय किरण (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री अभिषेक वर्मा (रा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक दर्री श्री रोबिनसन गुड़िया (भा.पु.से.)* को हालात से अवगत कराकर मार्गदर्शन प्राप्त करने पर आरोपी की गिरफ्तारी व पीड़ित बालिका की बरामदगी हेतु विशेष पुलिस टीम गठित कर गुजरात भेजा गया जो विषेष टीम द्वारा ग्राम पत्थापुर थाना खेड़ा, जिला खेड़ा गुजरात से पीड़ित बालिका को आरोपी के कब्जे से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लाया गया पीड़िता से पूछताछ कर कथन लेने पर आरोपी द्वारा जबरदस्ती अपने साथ गुजरात ले जाना और इस दौरान कई बार दुष्कर्म करना बतायी जिससे आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि.,04 पॉक्सो अधिनियम जोड़कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 09.02.2023 को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा थाना प्रभारी हरदीबाजार, सउनि. विजय सिंह, प्रआर. राजेन्द्र साय, आरक्षक कमल नारायण साहू, आरक्षक संजय चन्द्रा, आरक्षक प्रवीण राजवाड़े, आरक्षक कमल कैवर्त, आरक्षक गौकरण श्याम, आरक्षक गौतम पटेल, आरक्षक मुकेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही



# फर्जी आदिवासियों से वापस ली जाएगी जमीन, धारा 170 ख के तहत कार्यवाही प्रारम्भ



- संवाददाता -
कोरबा, 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

एसीबी इंडिया प्रा. लिमिटेड चाकाबुड़ा को लाभ पहुंचाने के लिए आदिवासी होने का फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवा कर आदिवासियों की जमीन खरीदी-बिक्री करने के मामले में जांच तेज होने के साथ ही अब इन जमीनों के वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्द ही गैर आदिवासियों द्वारा खरीदी गई जमीन मूल आदिवासियों को वापस मिल जाएगी। इसके संबंध में एसडीएम द्वारा आवश्यक कार्यवाही शुरू की गई । दीपका में संचालित मेसर्स एसीबी इंडिया प्रा. लिमिटेड के कुछ लोगों के द्वारा स्वयं को आदिवासी बता कर इसका प्रमाण पत्र जारी करवाया गया। स्थानीय तौर पर किसी भी तरह से स्वयं और न ही इनके पूर्वज निवासी होने के बावजूद फर्जी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त कर स्थानीय वास्तविक आदिवासियों की सैकड़ों एकड़ जमीन खरीद ली गई। इन्हीं जमीनों पर एसीबी इंडिया ने प्लांट और कालोनी आदि के निर्माण कराए हैं। इस मामले में हुई शिकायत के बाद शासन ने जांच उपरांत 23 फर्जी आदिवासियों को जारी जाति प्रमाण पत्र निलंबित कर दिए हैं। इसके पश्चात फर्जी तरीके से खरीदी गई जमीनों को उनके मूल भू-स्वामियों को वापस करने की मांग पर कार्यवाही चल रही है। इस संबंध में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाली के द्वारा सूचना जारी की गई है। जिला स्तरीय प्रमाण पत्र सत्यापन समिति के द्वारा पारित आदेश उपरांत स्थायी जाति प्रमाण पत्र निलंबित किए गए हैं। ये प्रमाण पत्र तत्कालीन कटघोरा एसडीएम द्वारा स्थायी तौर पर जारी किए गए थे जिन्हें अनुसूचित जनजाति के लिए उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति रायपुर के अंतरित आदेश होने तक के लिए निलंबित किया गया है। उपरोक्त अनुसार तहसीलदार हरदीबाजार द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर पाली एसडीएम के न्यायालय में मद 170 ख आदिम जनजाति वर्ग से गैर आदिम जनजाति वर्ग के व्यक्ति को अंतरण के तहत दर्ज प्रकरणों की सुनवाई शुरू कर दी गई है। इसके तहत जमीन के विक्रेता व क्रेता को 22 व 24 मार्च को पृथक-पृथक उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने कहा गया है। ग्राम नुनेरा के कुल 19, ग्राम रतिजा के 24, ग्राम सरईसिंगार के विक्रेता सुखराम, क्रेता विक्रेता विश्वनाथ तथा ग्राम बांधाखार के इंदल सिंह-विनोद, मनोहर सिंह-विश्वनाथ को उपस्थित होने निर्देशित किया गया है। इस तरह धारा 170 ख के तहत कार्यवाही शुरू हो जाने से उम्मीद है कि जल्द ही जमीन फर्जी आदिवासियों से वापस लेकर मूल आदिवासियों को वापस कर दी जाएगी। इस पूरे फर्जीवाड़ा मामले में जिम्मेदार अधिकारी व कर्मियों सहित अन्य लोगों के विरूद्ध कार्यवाही लटकी हुई है। हालांकि जांच में सारा कुछ स्पष्ट हो चुका है लेकिन अभी अंतिम प्रतिवेदन शेष है। विभाग द्वारा विभागीय तौर पर छानबीन कराई जा रही है। तत्कालीन कटघोरा एसडीएम गजेन्द्र सिंह ठाकुर व अन्य की इसमें संलिप्तता उजागर हुई है। दोनों की निगाहें वास्तविक आदिवासियों को जमीन वापसी के साथ-साथ होने वाली पुलिस कार्यवाही पर भी टिकी हुई है।

# पुलिस महानिरीक्षक ने बेहतर पुलिसिंग के लिए प्रभारी निरीक्षक अश्विनी राठौर व आरक्षक ओम प्रकाश निराला को किया सम्मानित

- संवाददाता -
कोरबा, 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



बिलासपुर रेंज स्तर पर बेहतर पुलिसिंग के लिए विभिन्न जिलों से पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए चयनित किया गया था। इसी कड़ी में कोरबा जिले से कटघोरा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर व दरी थाने में पदस्थ आरक्षक ओम प्रकाश निराला का नाम भेजा गया था। शुक्रवार को बिलासपुर में रेंज स्तर पर बेहतर पुलिसिंग के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बद्री नारायण मीणा ने कटघोरा थाना प्रभारी अश्वनी राठौर व आरक्षक ओम प्रकाश निराला को प्रशस्ति पत्र देकर बेहतर पुलिसिंग के लिए सम्मानित किया । इस मौके पर कोरबा पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण भी मौजूद रहे। उन्होंने कटघोरा थाना प्रभारी अश्वनी राठौर और आरक्षक ओम प्रकाश को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों की जमकर सराहना की।

# जिला चिकित्सालय कोरबा में नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के बैनर तले वेतन सहित कई मांगों को लेकर किया गया प्रदर्शन

- संवाददाता -
कोरबा, 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के बैनर तले 03 सूत्रीय मांगों को लेकर कोरबा जिला चिकित्सालय / चिकित्सा महाविद्यालय के स्टाफ नर्स प्रदर्शन किया । आपको बता दें कि कोरोना काल में जान जोखिम में डालकर लोगों को स्वस्थ करने में स्टाफ नर्स की भूमिका काफी सराहनीय पूर्ण रही थी । जिसके बाद भी वेतन सहित कई मूलभूत सुविधाएं अब तक नहीं मिली। इन्ही सभी बातों को लेकर स्टाफ नर्स द्वारा अपनी मांगों को लेकर फिर एक बार प्रदर्शन किया जा रहा है ।

# महापौर ने बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का किया शुभारंभ

- संवाददाता -
कोरबा, 10 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।




महापौर राजकिशोर प्रसाद ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजॉल की गोली खिलाकर जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का किया शुभारंभ । कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केसरी ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी को 01 से 19 वर्ष तक के 4 लाख 87 हजार 399 बच्चों को कृमि नाशक गोली खिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। छूटे हुए बच्चों को मॉप-अप दिवस 15 फरवरी को कृमि नाशक गोली खिलायी जावेगी। जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं/केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों/महाविद्यालयों/तकनीकी शिक्षा संस्थान के माध्यम से 1 से 19 वर्षीय बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजॉल की गोली खिलायी जा रही है। जिससे कि बच्चों का स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, एनीमिया की रोकथाम से बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिति में सुधार हो सके। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी को शुभकामना दिये। साथ ही शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों से अपील की, कि वे समस्त छुटे हुए बच्चों को 15 फरवरी 2023 को कृमि नाशक गोली खिलाये जाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। महापौर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि जो बच्चे कृमि नाशक गोली खाने से वंचित रह गये है उन्हें मॉप-अप दिवस, 15 फरवरी 2023 को कृमि नाशक गोली खिलाये जाने की जानकारी अपने आस-पास के जनता से साझा करने में महती भूमिका का निर्वहन करें। कार्यक्रम की शत् प्रतिशत सफलता हेतु अपना योगदान दें। महापौर ने बच्चों को समझाइश देते हुए कहा कि वे साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें अपने नाखूनों की समय-समय पर सफाई करें, खाने से पहले एवं शौच के बाद साबुन से अपने हाथों को अवश्य धोएं, ताकि बच्चों में कृमि न हो। इस दौरान सहायक शिक्षा अधिकारी श्री मिरेन्द्र, जिला नोडल अधिकारी, एन.डी.डी. डॉ. कुमार पुष्पेश, डॉ. दीपक राज खंड चिकित्सा अधिकारी शहरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अशरफ अंसारी, विद्यालय के प्राचार्य श्री रणधीर सिंह, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं कर्मचारी तथा विद्यालय के शिक्षक व स्टाफ उपस्थित थे। सीएमएचओ डॉ. केसरी ने बताया कि जिले में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के कुल 4 लाख 87 हजार 399 बच्चों को एलबेंडाजॉल की गोली खिलाये जाने का लक्ष्य है। जिसमें वि.ख. कोरबा के 58489 बच्चे, वि.ख. करतला के 58983 बच्चे, वि.ख. कटघोरा के 66139 बच्चे, वि.ख. पाली के 80404 बच्चे, वि.ख. पोडीउपरोड़ा के 76373 बच्चे तथा शहरी क्षेत्र के 147011 बच्चे शामिल है। 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में दवा का सेवन कराया जा रहा है। जिसमें 01 वर्ष से 02 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली चूरा/पिस करके पानी के साथ मिलाकर चम्मच से पिलाया जाना है, 02 वर्ष से 03 बच्चों को पूरी एक गोली चूरा/पिस करके पानी के साथ देना निर्धारित है तथा 03 वर्ष से 05 वर्ष तक के बच्चों को पूरी एक गोली चबा करके पानी के साथ सेवन कराया जाना है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथिः-07.02. 2023
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए Log in करें (https://eproc.cgstate.gov.in)
02. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि- 27.02.2023
02. संबंधित संभाग-रामानुजगंज संभाग

| सरल क्रं. | एन.आई.टी.क्रं./ऑन लाईन सिस्टम क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 228 1st Call D Class and Above | संभाग रामानुजगंज अंतर्गत जज बंगला, पी.डब्ल्यू.डी.क्वार्टर एवं अन्य शासकीय आवासीय भवनों का उन्नयन एवं पुर्नवास का कार्य। | 49.46 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

जी नंबर-98356/1



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ / ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोरंजन आ0 जोगेन्द्र व अन्य निवासी भगवानपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नम्बर 146 रकबा 0.910 हे0 भूमि में से रकबा 0.036 हे0 भूमि को अनावेदक विजय शंकर पैकरा आ0 मिटकुम राम निवासी भगवानपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा के पास अंकन राशि रूपए 1,50,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 08.03.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ0ग0)



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ / ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोरंजन आ0 जोगेन्द्र व अन्य निवासी भगवानपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नम्बर 146 रकबा 0.910 हे0 भूमि में से रकबा 0.026 हे0 भूमि को अनावेदक चरन कुमार आ0 बुधराम निवासी वार्ड नंबर 14, भटगांव तहसील भैयाथान जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपए 4,50,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 08.03.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ0ग0)

# पहले 5 विकेट और फिर अर्धशतक



### जडेजा ने दिग्गज क्रिकेटर को पछाड़ा; अश्विन की बराबरी की

**नई दिल्ली , 10 फरवरी 2023।** भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने भारतीय टीम में दमदार वापसी की है। नागपुर के मैदान में शुक्रवार को जडेजा पहले टेस्ट मैच में छा गए। उन्होंने मैच की पहली पारी में ना सिर्फ गेंद बल्कि बल्ले से भी कमाल किया। जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में पांच विकेट लिए उसके बाद बल्लेबाजी के दौरान अपने टेस्ट करियर का 18वां अर्धशतक पूरा किया। अर्धशतक पूरा करते ही जडेजा के नाम अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

दरअसल, जडेजा एक टेस्ट पारी में पांच विकेट लेने और अर्धशतक जड़ने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में पांच बार अर्धशतक और पांच विकेट लेने का कमाल किया है। रवींद्र जडेजा ने पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव को पीछे छोड़ दिया।

### पूर्व कप्तान कपिल देव का तोड़ा रिकॉर्ड

गौरतलब हो कि पूर्व कप्तान कपिल देव ने चार ऐसा कमाल किया है। जडेजा और कपिल देव के बाद लिस्ट में अगला नाम ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का है। अश्विन ने तीन बार एक टेस्ट पारी में पांच विकेट और पचास रन बनाए हैं।

### यह अनोखा रिकॉर्ड भी किया अपने नाम

इसके अलावा जडेजा के नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वह भारत के लिए सर्वाधिक बार 50 से ज्यादा का स्कोर और 5 विकेट लेने के मामले में अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अश्विन और जडेजा ने 6-6 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है और पांच विकेट भी लिए हैं। कपिल देव ने ऐसा चार बार किया है।

बता दें कि जडेजा ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में कहर बन कर टूटे। उन्होंने मार्नस लाबुशेन को अपना शिकार बनाया। उसके बाद मैट रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, पीटर, हैंडसकॉम्ब और टॉड मर्फी का विकेट लिया।

## पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले भारत को लगा झटका

### पहला मैच नहीं खेल सकेंगी स्मृति मंधाना!

**नई दिल्ली, 10 फरवरी 2023।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना के रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में नहीं खेलने की संभावना है। क्योंकि वह अभ्यास मैच के दौरान उंगली में लगी चोट से अभी तक उबर नहीं पाई हैं। भारतीय सलामी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार के अभ्यास मैच के दौरान फील्डिंग के दौरान हाथ की एक अंगुली को चोटिल हो गई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाएं हाथ की बल्लेबाज ने ओपनिंग के बजाय तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की। वह अपनी पारी के दौरान तीन गेंद ही टिक पाईं। नतीजतन, मंधाना बुधवार को बांग्लादेश के खिलाफ भारत के दूसरे अभ्यास मैच में नहीं खेल पाईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर की सेहत भी सवालों के घेरे में है। पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ट्राई सीरीज चैंपियनशिप मैच के दौरान उनके कंधे में चोट लग गई थी। फाइनल मैच के बाद कौर ने कहा था कि, स्वास्थ्य ठीक है। आराम करने से बेहतर होगा।



# क्रिक हीरोज अवॉर्ड्स : नवगिरे को सर्वश्रेष्ठ हिटर का पुरस्कार

**अहमदाबाद , 10 फरवरी 2023।** भारत की अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी किरण नवगिरे को क्रिकहीरोज़ अवॉर्ड्स 2022 में 'साल की सर्वश्रेष्ठ हार्ड हिटर' के पुरस्कार से नवाज़ा गया है।

किरण ने इस साल 38 पारियों में 69 छक्के जड़े, जिसके लिये उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। इस पुरस्कार समारोह के दौरान 85 श्रेणियों में जमीनी स्तर के महिला क्रिकेटरों को सम्मानित करने पर जोर दिया गया। जयपुर की तनिका शर्मा को साल की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और साल की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि कुरुक्षेत्र की अक्षरा सेन को सर्वश्रेष्ठ फील्डर चुना गया। गुरुग्राम की साची ग्रोवर की 223 रन की विशाल पारी को साल की सर्वश्रेष्ठ पारी आंका गया। क्रिकहीरोज के संस्थापक अभिषेक देसाई ने इस अवसर पर कहा, अवार्ड्स के माध्यम से क्रिकेट समुदाय को मान्यता देना हमारे लिये सम्मान की बात है। यह हमारे मंच पर अन्य सुविधाओं के साथ समुदाय को बेहतर करने में मदद करेगा और हमारे आंकड़ों के माध्यम से वे लगातार अपने खेल में सुधार कर सकते हैं। हम जमीनी स्तर के क्रिकेटरों को उनके खेल के विकास में मदद करने और खेल में अपना करियर बनाने में मदद करने पर ध्यान देना जारी रखेंगे। इस दौरान पुरुष श्रेणी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये 46 पुरस्कार वितरित किये गये। बेंगलुरु के प्रवीण चन्नप्पा और नोएडा के राहुल चौधरी को लेदर और टेनिस बॉल श्रेणियों में साल के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि धवल दर्जी और धीरज वाधवा को विभिन्न बॉल श्रेणियों में साल के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया।



## राउंडग्लास में शामिल हुए हुआन कार्लोस नेलर

**मोहाली 10 फरवरी 2023।** राउंडग्लास पंजाब एफसी ने अर्जेंटीना के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर हुआन कार्लोस नेलर को हीरो आईलीग 2022-23 के बचे हुए सीजन के लिये टीम में शामिल किया है। क्लब ने जारी विज्ञप्ति में कहा, हम हुआन को हमारे बीच पाकर बेहद खुश हैं। वह अपने साथ टीम में बहुत सारा अनुभव लेकर आते हैं। हमें उम्मीद है कि वह टूर्नामेंट के अंतिम हिस्से में टीम की मिडफील्ड में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहेंगे।



अर्जेंटीना, इटली, स्पेन और डेनमार्क के लिये खेल चुके 29 वर्षीय मिडफील्डर दूसरी बार आईलीग का हिस्सा बन रहे हैं। वह इससे पहले टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में ही गोकुलम केरल एफसी के लिये खेल चुके हैं।

## सऊदी प्रो लीग मैच में अल नासर के लिए रोनाल्डो के किए चार गोल

**मक्का , 10 फरवरी 2023।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी नयी सऊदी अरब की टीम के लिये चार गोल दागे जिससे लीग फुटबॉल में उनके 503 गोल हो गए हैं। अपना 38वां जन्मदिन मनाने के चार दिन बाद रोनाल्डो ने अल नासर के लिये दोनों हाफ में दो दो गोल किये जिसकी मदद से उनकी टीम ने अल वेहदा को सऊदी प्रो लीग मैच में 4 . 0 से हराया। पांच बार बलोन डिओर जीत चुके रोनाल्डो अब तक रीयाल मैड्रिड, युवेंटस और मैनचेस्टर युनाइटेड के लिये खेल चुके हैं। उन्होंने अल नासर क्लब के साथ विश्व कप के बाद जून 2025 तक का करार किया। विश्व कप में रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम क्वार्टर फाइनल में मोरक्को से हार गई थी। उन्हें नॉकआउट चरण के मैच में बेंच पर भी बैठना पड़ा।



# सऊदी अरब में खेले जायेंगे संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल,फाइनल मुकाबले

**नयी दिल्ली , 10 फरवरी 2023।** भारत के राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट संतोष ट्रॉफी 2022-23 के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले सऊदी अरब के रियाद स्थित फहद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले जायेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने इसकी पुष्टि की।

एआईएफएफ के महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरण ने कहा, हम संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनलों और फाइनल के लिये एक प्रतिष्ठित आयोजन स्थल चाहते थे और सऊदी फुटबॉल महासंघ ने हमें मशविरा दिया कि इसे रियाद में आयोजित किया जाना चाहिये। इस तरह हम वहां के भारतीय समुदाय और स्थानीय समुदाय से जुड़ सकेंगे। यह (फहद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम) एक प्रतिष्ठित स्टेडियम है और संतोष ट्रॉफी को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगा।




संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले एक से चार मार्च के बीच खेले जाने हैं। महासचिव ने कहा कि विदेश में आयोजन की पहल भुवनेश्वर में शुरू हो रहे फाइनल राउंड को और भी रोचक और प्रतिस्पर्धी बना देगा।

प्रभाकरण ने कहा, हम संतोष ट्रॉफी की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं और जब हम टूर्नामेंट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाते हैं तो यह बेशक ही लोगों के बीच ज्यादा रुचि और जिज्ञासा पैदा करेगा। कई खिलाड़ी पहली बार विदेश दौरा करेंगे। इस तरह उन्हें बेहतर प्रेरणा मिलेगी। यह इन खिलाड़ियों के घरेलू क्षेत्रों में भी लोगों के बीच रुची पैदा करेगा। गौरतलब है कि यह संतोष ट्रॉफी का 76वां संस्करण है। पिछले साल के फाइनल में केरल ने पेनल्टी पर पश्चिम बंगाल को 5-4 से हराकर खिताब जीता था।

## स्कालोनी,एंसेलोट्टी,गार्डियोला फीफा सर्वश्रेष्ठ कोच के पुरस्कार की दौड़ में

**ज्यूरिख , 10 फरवरी 2023।** लियोनेल स्कालोनी, कार्लो एंसेलोट्टी और पेप गार्डियोला को फीफा के सर्वश्रेष्ठ कोच के पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया है जबकि विश्व कप में सेमीफाइनल तक पहुंची मोरक्को के शानदार प्रदर्शन के बावजूद वालिद रेग्रागुइ को पर्याप्त वोट नहीं मिल सके। दुनिया भर में कोचों और कप्तानों की चयन समिति, चुनिंदा मीडिया और प्रशंसकों ने आनलाइन वोटिंग में अर्जेंटीना के स्कालोनी, रीयाल मैड्रिड के एंसेलोट्टी और मैनचेस्टर सिटी के गार्डियोला को वर्ष 2022 के 'फीफा सर्वश्रेष्ठ कोच' के पुरस्कार के फाइनल के लिये नामित किया। अर्जेंटीना ने विश्व कप , मैड्रिड ने युएफा चैम्पियंस लीग और सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग खिताब जीता था।

वालिद को विश्व कप से तीन महीने पहले मोरक्को का कोच बनाया गया था और उनकी टीम बेल्जियम और क्रोएशिया के ग्रुप में अपराजेय रही। मोरक्को ने स्पेन और पुर्तगाल को हराया लेकिन गत चैम्पियन फ्रांस से हार गई। फीफा कोचिंग पुरस्कार 2010 में शुरू होने के बाद से अफ्रीका का कोई कोच या अफ्रीकी टीम का कोई कोच अंतिम तीन में नहीं पहुंच सका है। इसमें यूरोपीय और दक्षिण अमेरिकी कोचों का ही दबदबा रहता है।

## अक्षय कुमार संग दिखीं मृणाल ठाकुर




अक्षय कुमार पिछले कुछ समय से अपनी आगामी फिल्म सेल्फी को लेकर चर्चा में हैं। दर्शक ब्रेसबी से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को बेहद पसंद आया था। अब गुरुवार को निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा गाना कुड़िए नी तेरी रिलीज कर दिया है। इसमें अक्षय के साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नजर आ रही हैं। गाने में अक्षय, मृणाल संग रोमांस करते दिख रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री शानदार लग रही है।

ओरिजिनल गाने को द प्रोफेक और जहरा खान ने गाया है और इसे सेल्फी के लिए तनिष्क बागची ने रीक्रिएट किया है। हालांकि, तनिष्क ने गाने में कुछ नए बोल भी जोड़े हैं। राज मेहता के निर्देशन में बन रही सेल्फी में पहली बार अक्षय और इमरान हाशमी बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 2019 में आई मलयालम ब्लॉकबस्टर ड्राइविंग लाइसेंस का हिंदी रीमेक है। फिल्म में नुसरत भरूचा और डायना पेंटी भी अहम भूमिका में हैं।यह 24 फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## रकुल प्रीत सिल्वर लहंगे में लगीं बेहद हसीन



बॉलीवुड की हसीन अदाकारा रकुल प्रीत सिंह ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट फोटो शेयर किए हैं. एक्ट्रेस के लहंगा लुक ने सनसनी मचा दी. उनकी हर अदा क़ातिलाना है. आप भी देखिए रकुल की दिलकश अदाएं. रकुल प्रीत ने शिमरी लहंगे में बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं. उनके फोटोज़ ने एक बार फिर इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है. एक्ट्रेस का एथनिक लुक यूज़र को काफी अट्रेक्ट कर रहा है. तस्वीरों को खूब लाइक मिल रहे हैं. बोल्डनेस, सुंदरता और फिटनेस में रकुल प्रीत किसी से पीछे नहीं है. उनकी हर अदा के फैंस दीवाने हैं. सिल्वर लहंगे में एक्ट्रेस की तस्वीरें तेज़ी से इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं. न्यूड मेकअप और ओपन हेयर ने उनकी खूबसूरती को और बढ़ा दिया है. रकुल शिमरी लहंगा पहने काफ़ी गॉर्जियस लग रही हैं. फोटोशूट में वो किलर पोज़ देती नज़र आ रही हैं. इंस्टा पर एक्ट्रेस के 22.7 मिनियन फॉलोअर्स हैं. उनके चाहने वालों की तादाद दिन व दिन बढ़ती जा रही है.



## अजय देवगन ने शुरू की औरों में कहां दम था की शूटिंग, साथ नजर आएंगी तब्बू

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने अपनी आने वाली फिल्म औरों में कहां दम था की शूटिंग शुरू कर दी है। बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक नीरज पांडे फिल्म औरों में कहां दम था! बना रहे हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, तब्बू और जिम्मी शेरगिल की अहम भूमिका है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गयी है। इस फिल्म का ऑरिजनल साउंडट्रैक एमएम कीरावानी कंपोज करने वाले हैं। फिल्म आरआरआर के नाटू नाटू गाने को कंपोज करने वाले एमएम कीरावानी ने देश और दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है।

अजय देवगन ने एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी है। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें फिल्म के तीनों कलाकार और नीरज पांडे दिखाई दे रहे हैं। सभी सेट पर मौजूद हैं और बातें कर रहे हैं।अजय देवगन ने ट्विटर पर लिखा, 'औरों में कहां दम था फिल्म के सेट से, नीरज पांडे के साथ, शूटिंग शुरू, तब्बू, जिम्मी शेरगिल।

अजय की निर्देशक नीरज पांडे के साथ यह पहली फिल्म हैं। यह एक संस्पेंस थ्रिलर फिल्म होगी। अजय-तब्बू की भोला की बात करें तो यह फिल्म 30 मार्च, 2023 को रिलीज होगी। भोला तमिल फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है, जो 2019 में रिलीज हुई थी। इसमें अभिनेता कार्ति मुख्य भूमिका में नजर आए थे।













## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल बस जलकर राख,सवार थे इतने बच्चे



**कोरबा ,10 फरवरी 2023(ए)।** जिले में जैन पब्लिक स्कूल के स्कूली बस में भीषण आग लग गई. बस देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगी. हादसे के वक्त बच्चे बस में सवार थे. हालांकि, आनन-फानन में बच्चों को बस से उतार लिया गया. जिससे किसी भी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई है।

### रीडर की याचिका पर रजिस्ट्रार जनरल और जिला जज को नोटिस जारी



**बिलासपुर ,10 फरवरी 2023(ए)।** हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल और रायपुर के जिला जज को नोटिस जारी कर हाईकोर्ट ने 3 सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। रायपुर जिला एवं सत्र न्यायालय के रीडर पितांबर बाघ ने एक याचिका हाईकोर्ट में लगाई है। इसमें कहा गया है कि कार्य के दौरान उससे एक फाइल खो गई थी। विभागीय जांच के बाद जिला जज ने उसकी दो वेतन वृद्धि रोक दी। इस बीच उसके जूनियर पदोन्नत हो गए। पदोन्नति नहीं मिलने पर उन्होंने विभागीय स्तर पर हाईकोर्ट प्रशासन के समक्ष अपील की, जिसे मंजूर कर उसके विरुद्ध दंड के आदेश को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने विभाग में अभ्यावेदन दिया और वरिष्ठता तथा 30 साल की सेवा अवधि के आधार पर वेतनमान की मांग की। जिला न्यायाधीश ने आवेदन निरस्त कर दिया। इस आदेश के खिलाफ याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच में हुई।

# 7 बच्चों की अर्थी एक साथ निकली



### हादसे ने पूरे गांव को रुलाया

**कांकेर,10 फरवरी 2023(ए)।** जिले के कोरर में मासूमों की अर्थी की कतार लगी है. 123..नहीं, बल्कि एक के बाद एक 7 लाशें घरों से निकलीं. लाशों को देखकर परिजनों का कलेजा फट गया. आंखों में आंसुओं की धार लिए अंतिम संस्कार किए. इस दौरान पूरा गांव फफक कर रो पड़ा. आंगन में सफेद कपड़े में लिपटी लाश पर आंसु ही गिरे जा रहे थे. चारों तरफ चीख-पुकार मची रही.

कोरर में हुए सड़क हादसे के बाद इलाके में मातम पसरा है. मृतकों के अंतिम संस्कार का सिलसिला जारी है. कुछ मृत बच्चों का रात को ही अंतिम संस्कार कर दिया गया था. कुछ बच्चों का अभी हो रहा है. पीड़ितों में 3 परिवार ऐसे हैं, जिनके सभी बच्चे हादसे के शिकार हुए हैं. 2 परिवारों के 2, 2 बच्चे सहित रानी डोंगरी निवासी गुलाब का एकमात्र पुत्र हादसे का शिकार हुआ है. परिजनों का रो-रो कर बुराहाल है.

मृत बच्चों के परिजनों के घर जनप्रतिनिधियों का तांता लगा हुए है. परिजनों को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं. कल विधायक सावित्री मंडावी गईं थी, वहीं आज जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव पहुंचे. जिन्होंने मृत बच्चों के परिवार को सांत्वना दिया.

### कोरर में दुकानें 2 बजे तक बंद रहीं,व्यपारियों ने 7 बच्चों को दी श्रद्धांजलि

जिले के कोरर के पास गुरुवार को ट्रक और ऑटो में आमने सामने की भिड़ंत से 7 बच्चों की मौत हुई थी. वहीं हादसे में गंभीर रुप से घायल एक बच्चे और ऑटो चालक का रायपुर में इलाज चल रहा है. इस मामले में एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया, हादसे के बाद फरार ट्रक चालक को कांकेर से हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है. पुलिस के मुताबिक, ट्रक चालक के खिलाफ 304 ए, 379, 338 की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया जा रहा है. आटो में कुल 8 बच्चे सवार थे, जिसमें से 5 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी. 3 बच्चों को एंबुलेंस से मेडिकल हॉस्पिटल कांकेर लाया गया था, जिसमें से 2 बच्चों की मौत हो गई है.

एक बच्चे को बेहतर उपचार के लिए मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया. वहीं ऑटो चालक भी इस हादसे में घायल हुआ है, जिसका इलाज भी रायपुर में चल रहा. हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है. सभी बच्चे बीएसएन स्कूल के छात्र हैं. सड़क हादसे में 7 स्कूली बच्चे की मौत पर कोरर के सभी व्यपारियों ने अपनी दुकानें 2 बजे तक बंद रखने का फैसला लिया है. श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया है.

# भारतीय जनता पार्टी के हाथों में है राजभवन : सीएम

**रायपुर ,10 फरवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक दिवसीय मैनपाट दौरे लिए रवाना हुए. दौरे में जाने से पहले सीएम बघेल ने सड़क हादसे में 7 बच्चों की मौत पर शोक जताया और कहा कि पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से सहायता राशि दी जा रही है. वहीं आरक्षण मुद्दे पर एक बार फिर राजभवन पर निशाना साधते हुए कहा, राजभवन बीजेपी के हाथों में खेल रहा है, हमारे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है. सीएम भूपेश बघेल ने रायपुर पुलिस ग्राउंड हेलीपैड में पत्रकारों से चर्चा की, जिसमें ओल्ड पेंशन स्कीम के सवाल को लेकर जवाब देते हुए कहा कि हमारे पास जो पैसा जमा रहेगा वो देंगे. इसमें सारे कंडीशन है. कांकेर में हुई सड़क दुर्घटना को लेकर सीएम बघेल ने कहा, यह बहुत दर्दनाक घटना है. उन्होंने संवेदना व्यक्त किया और कहा कि सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार को सहायता राशि दी



जा रही है. आईएएस नीरज बंसोड़ को गृहमंत्री के निजसचिव बनाये जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, यह सवाल उनसे पूछना चाहिए जहां चुनाव हो रहे है. वही के अधिकारियों की क्यो नियुक्ति हो रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पं.नेहरू को लेकर की गई टिप्पणी पर सीएम बघेल ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री सीना ठोक-ठोक के बात कर रहे थे. जो बात कहनी थी वो बात नहीं किये. पीएम मोदी ने अडानी के बारे में कुछ नहीं बोला. देश जो सुनना चाहता है उसके बारे में वो नहीं बोले. अडानी दूसरे से 23 नंबर पर कैसे पहुंच गए.

राज्यपाल की आपत्ति पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने बयान में कहा, व्यक्तिगत तौर पर मैं राज्यपाल का बहुत सम्मान करता हूँ, वो मेरी बड़ी बहन हैं, लेकिन राजभवन भारतीय जनता पार्टी के हाथों में खेल रहा है, यह हमारे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है. आर्टिकल 200 के तहत तीन ही काम राज्यपाल कर सकती हैं, या तो दस्तखत करे, या लौटा दें या अनंत काल तक अपने पास रोक दें, लेकिन अनंत काल का मतलब इतना लंबा समय नहीं होता. राज्यपाल छोड़े गए ग्रे एरिया का दुरुपयोग कर रही हैं.



### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आरक्षण मामले मे

## राज्यपाल सचिवालय को जारी नोटिस पर लगाई रोक

**बिलासपुर ,10 फरवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आरक्षण मामले में राज्यपाल सचिवालय को जारी नोटिस पर रोक लगा दी है. अनुच्छेद 361 के तहत राष्ट्रपति और राज्यपाल को नोटिस जारी करने एचसी के अधिकार नहीं होने के तर्क को कोर्ट ने सही माना है. राज्य सरकार और एक अधिवक्ता ने बढ़ाए गए आरक्षण पर राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षर नहीं करने के मामले में याचिका लगाई थी. जिसपर पूर्व में एचसी ने राज्यपाल सचिवालय को नोटिस जारी किया था. एचसी से जारी नोटिस को चुनौती देते हुए सचिवालय ने आवेदन पेश किया था. रिकॉल एप्लीकेशन के माध्यम से उच्च न्यायालय में दलील दी गई कि भारत के संविधान में उल्लेखित अनुच्छेद 200 के अनुरूप विधानसभा द्वारा पारित किसी विधेयक को राज्यपाल अनुमति दे सकता है, रोक सकता है, राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रख सकता है। राज्यपाल के प्रतिनिधि के रूप में सचिव को भी इस आशय नोटिस जारी नहीं किया जा सकता है।

सीएम बघेल का ट्वीट - व्यक्तिगत तौर पर मैं राज्यपाल जी का बहुत सम्मान करता हूँ, वो मेरी बड़ी बहन हैं। लेकिन राजभवन भारतीय जनता पार्टी के हाथों में खेल रहा है, यह हमारे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है।

## सिनेमा घर संचालक को हाईकोर्ट से झटका,याचिका खारिज

**बिलासपुर ,10 फरवरी 2023 (ए)।** हाईकोर्ट ने भिलाई के सुरेश कोठारी और अंजय सुराणो की वह याचिका खारिज कर दी है जिसमें मिराज गीत सिनेमा का संचालन फिर से शुरू करने के लिए अंतरिम राहत मांगी गई थी। संपदा न्यायालय के आदेश पर बीते शनिवार को भिलाई स्टील प्लांट के नगर सेवा विभाग ने राजस्व बकाया होने के कारण सिविक सेंटर स्थित मिराज गीत सिनेमा और उसके पास स्थित लाइफ फिटनेस जिम को सील कर दिया था। सिनेमा के प्रबंधन ने इसे दोबारा खुलवाने के लिए याचिका दायर की थी। मिराज गीत सिनेमा और लाइफ फिटनेस जिम पर करीब 6 करोड़ 92 लाख का बकाया है। राशि नहीं चुकाने के कारण संपदा न्यायालय ने इन्हें शनिवार को सील करके इन दोनों संस्थानों में व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। इस मामले में मिराज एंटरटेनमेंट लिमिटेड की ओर से उनके अधिवक्ता स्पष्ट किया है कि हम मॉल के मालिक के साथ एक समझौते के तहत थिएटर का संचालन कर रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ के इन शहरों में बनाया रेलवे का नया आरक्षण केंद्र

**रायपुर ,10 फरवरी 2023(ए)।** रेल यात्रियों को आसानी से यात्रा टिकट की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 207 अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस), 94 यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस), 14 यात्री टिकट सुविधा केंद्र (वाईटीएसके), 8 जन साधारण टिकट बुकिंग सेव (जेटीबीएस), 96 स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) तथा 105 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की सुविधा उपलब्ध है।




इन शहरों में रेलवे का नया आरक्षण केंद्र

बिलासपुर शहर के अंतर्गत तहसील कार्यालय एवं हाई कोर्ट भवन तथा रायपुर शहर में एयरपोर्ट, विधानसभा एवं रविशंकर यूनिवर्सिटी में यात्री आरक्षण केंद्र स्थापित किए गए है। इसके साथ ही सम्पूर्ण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख स्थानों जैसे मुंगेली, बलौदा, कोरबा पोस्ट ऑफिस, अम्बिकापुर पोस्ट ऑफिस, जशपुर नगर पोस्ट ऑफिस, सूरजपुर, बैकुंठपुर, बेमेतरा पोस्ट ऑफिस, बलौदाबाजार, कांकेर, कवर्धा, खैरागढ़, छिंदवाड़ा, गढ़चिरौली, मोतीबाग, सकरधारा पोस्ट ऑफिस, भंडारा पोस्ट ऑफिस, डिंडोरी पोस्ट ऑफिस, शंकर नगर पोस्ट ऑफिस आदि स्थानों में यह सुविधा प्रदान की गई है।

इसके साथ ही ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा के द्वारा आईआरसीटीसी की वेबसाइट से आरक्षित ई-टिकट के बाद मोबाइल से ऐप द्वारा जनरल टिकट खरीदने की सुविधा यात्रियों को दी गई है। इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन पर आकार टिकट काउंटर से लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदने की बाध्यता समाप्त हो गई है। यात्रियों को टिकट काउण्टरों में लगने वाली लाइनों से निजात दिलाने, शीघ्र टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घर बैठे यात्रा टिकट बुकिंग के साथ साथ सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है।

यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे आसानी के साथ त्वरित अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं। इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्लेटफॉर्म टिकट भी प्राप्त किये जा सकते हैं। इस यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को यात्रियो का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है एवं दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है ।

# मुख्यमंत्री भी रडार में

### बृजमोहन अग्रवाल ने दिया बड़ा बयान

**रायपुर ,10 फ रवरी 2023(ए)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कल होने वाले बस्तर दौरे से पहले छत्तीसगढ़ का सियासी माहौल गरमा गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कि हमारी पार्टी में क्या होता है और क्या नहीं होता है, सीएम को इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। पूर्व मंत्री ने यहां तक कह दिया कि 2023 भाजपा की सरकार आती है तो महज अधिकारी ही नहीं अपितु राडार में सरकार के मंत्री, मुख्यमंत्री भी है। साथ ही चेतावनी भरे अंदाज में यह भी कहा कि ऐसे अधिकारी भी हैं जिनको जीवन में 35 साल सर्विस करना है। कहीं ना कहीं वह गलत काम कर अपने भविष्य को खराब कर रहे हैं।



पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने मंत्रियों का ध्यान देना चाहिए। उनके 13 मंत्रियों में एक भी मंत्री उनसे खुश नहीं है। एक भी मंत्री की बात अधिकारी सुनते नहीं है। उनके अनुसार काम नहीं होता है। वहीं मोदी जी की सरकार को देखिए, पूरे देश में उसका नाम हो रहा है।

हाथियों द्वारा लगातार उत्पात मचाए जाने पर बृजमोहन ने कहा कि प्रदेश का वन विभाग है भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। जितने मद हैं वह अधिकारियों की पॉकेट मनी बन चुकी है। कैंपा मद में 5 हजार करोड़ रुपए आए हैं। एलीफेंट कॉरिडोर क्यों नहीं बन रहा है। हाथी और मानव द्वंद में हमें हाथियों की भी रक्षा करना है। मानव की भी रक्षा करना है। राज्यपाल को भेजे गए नोटिस को हाईकोर्ट की तरफ से वापस लेने पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हाईकोर्ट में मिसअंडरस्टैंडिंग के कारण नोटिस जारी कर दिया। संवैधानिक संस्थाओं में आपसी विवाद उत्पन्न नहीं हो इस दृष्टि से हाईकोर्ट ने अपना नोटिस वापस लिया है। यह हमारे संविधान की रक्षा करेगा।

# ज्वाइनिंग के बाद भी ड्यूटी से गायब हैं 109 डॉक्टर

### नोटिस जारी,दो दिन में नहीं किया ज्वाइन तो कार्रवाई तय

**रायपुर ,10 फ रवरी 2023(ए)।** प्रदेश के विभिन्न शासकीय अस्पतालों में पदस्थ किए गए एम.बी.बी.एस. अनुबंधित चिकित्सा अधिकारी जो कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपने पदस्थापना स्थल से अनुपस्थित हैं, उन्हें स्वास्थ्य विभाग ने दो दिनों के भीतर उपस्थिति देने कहा है।



109 डॉक्टर अपने कार्यस्थल से गैरहाजिर हैं। विभाग ने विगत 3 फरवरी को ऐसे सभी डॉक्टरों को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर उपस्थिति देने को कहा है। कार्य पर उपस्थित नहीं होने वाले अनुबंधित चिकित्सा अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। राज्य शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा (फिजियोथैरेपी) स्नातक प्रवेश नियम के अनुसार बॉण्ड की शर्तों का अनुपालन नहीं करने वाले अनुपस्थित चिकित्सकों के विरूद्ध बॉण्ड की संपूर्ण राशि की वसूली की कार्यवाही भू-राजस्व की बकाया राशि के रूप में की जाएगी।

### अंतिम अवसर प्रदान करने के लिए सूचना जारी की गई

बता दे इससे पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा विगत 9 नवम्बर 2022 को 212 एम.बी.बी.एस. अनुबंधित चिकित्सा अधिकारियों को अपने पदस्थापना स्थल में पांच दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण करने अंतिम अवसर प्रदान करने के लिए सूचना जारी की गई थी।

# क्रिप्टो करेंसी को लेकर अंतर्राज्यीय ठगी गिरोह का भंडाफोड़

### एप से ठगी करने वाले 3 शातिर गिरफ्तार

**रायपुर ,10 फ रवरी 2023(ए)।** क्रिप्टो करेंसी के नाम पर करोड़ो रूपये की ठगी करने वाले 2 अंतर्राज्यीय सदस्य को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक प्रार्थी संतोष कुमार साहू ने थाना आरंग में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम गोईंदा पोस्ट छटेरा आरंग, रायपुर में रहता है। प्रार्थी को उसके परिचित एवं साथियों द्वारा युनिटी बाईट (क्रिप्टो करेंसी) कंपनी के संबंध में जानकारी दी गई। इस कंपनी से संबंधित जानकारी के लिये कम्पनी के मैनेजर बैंगलोर निवासी प्रकाश रेड्डी द्वारा रायपुर के लालबाग होटल में सेमीनार आयोजित किया गया था जिसमें इस कंपनी में निवेश करने पर निवेश की रकम 300 दिनों में तीन गुना करने का प्रलोभन दिया गया था। इस सेमीनार में शामिल कंपनी के एंजेंट एंड मैनेजमेंट टीम के प्रकाश रेड्डी, एस.भूपति, मुत्थू कुमार के द्वारा कंपनी के प्लान के बारे में बताया गया। प्रार्थी द्वारा झांसे में आकर कम्पनी के एम.डी आर.आर. रवि, सालंक काल्वेथ, मुत्थु कुमार, एस.भूपति एवं प्रकाश रेड्डी सहित अन्य एजेंटों के बैंक खाताओं में अलग-अलग तिथियों में कुल 14,00,000/- रूपये स्थानांतरित किया। कुछ दिनों पश्चात् रकम के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी को गोल मोल जवाब देकर लगातार घुमाया जा रहा था। इस प्रकार उक्त कम्पनी के एम.डी, टीम मैनेजमेंट एवं एजेंटों द्वारा प्रार्थी से 14,00,000/- रूपये प्राप्त कर ठगी किया गया। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना आरंग में अपराध क्रमांक 31/2023 धारा 420, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

लाखों रूपये की ठगी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक माना कल्पना वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा, थाना प्रभारी आरंग तथा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी



क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। प्रार्थी द्वारा जिन बैंक खाताओं में रकम स्थानांतरण किये गये थे उनके भी संबंध में जानकारी एकत्र करने के साथ ही प्रार्थी तथा उक्त कंपनी के एम.डी एवं एजेंटों द्वारा जिन मोबाईल फोन नम्बरों से बात की गई थी उनका तकनीकी विश्लेषण कर आरोपियों को लोकेट करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी प्रकाश रेड्डी एवं एस.भूपति को कर्नाटक एवं तमिलनाडू में लोकेट किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की 05 सदस्यीय टीम को कर्नाटक एवं तमिलनाडू रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा कर्नाटक एवं तमिलनाडू पहुंच कर कैम्प कर लगातार आरोपियों की पतासाजी करते हुए आरोपी प्रकाश रेड्डी को बैंगलोर कर्नाटक तथा आरोपी एस.भूपति को सेलम तमिलनाडू से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी के साथ ठगी की उक्त घटना को कारित करने के अलावा युनिटी बाईट (क्रिप्टो करेंसी) कंपनी के नाम से देश भर में लोगों को रकम 300 दिनों में तीन गुना करने का प्रलोभन देकर लोगो से करोड़ों रूपये की ठगी करना भी बताया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमाण्ड पर रायपुर लाया गया है। आरोपी प्रकाश रेड्डी के कब्जे से घटना से संबंधित 01 नग मोबाईल फोन जप्त कर आरोपी का पुलिस रिमाण्ड लेकर घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों तथा अन्य घटनाओं के संबंध में विस्तृत पूछताछ किया जा रहा है। घटना में संलिप्त अन्य आरोपी फरार है, जिनकी लगातार पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहें है।

गिरफ्तार आरोपी

01. प्रकाश रेड्डी पिता वेंकट रमना रेड्डी उम्र 47 साल निवासी म.नं. 314 मोनेको पर्ल अपार्टमेन्ट 19 आर.क्रॉस भूनेश्वरी नगर थाना अमरूधहाल्ली जिला बेंगलूरू नार्थ कर्नाटक।

02. एस.भूपति पिता सुन्दरामूर्ति उम्र 38 साल निवासी हाउस नं 830 जयकृष्णा गार्डन अईय्यन नगर थाना कन्नाकुरूच जिला सेलम तमिलनाडू

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)